दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 346 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 10 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल शर्मा वीबी रामजी योजना को लेकर गंभीर, योजना के प्रचार प्रचार के लिए बनाई व्यापक रणनीति

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के प्रभारी मंत्रियों को रात्रि चौपाल गांव में आयोजित करके योजना के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताने की जिम्मेदारी सुनिश्चित की पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को भी इस योजना के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी दी गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्र की मोदी सरकार की ओर से प्रस्तुत की गई वीबी रामजी योजना के प्रचार प्रसार को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी गंभीर हैं और इस योजना की जानकारी प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने व्यापक रणनीति तैयार की है जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी प्रभारी मंत्रियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों में रात्रि चौपाल का आयोजन करके ग्रामीण इलाकों में लोगों को इस योजना के बारे में गंभीरता से और बारीकी से समझाएं ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग कांग्रेस पार्टी के नेताओ की ओर से इस योजना को लेकर जो गलत और असत्य जानकारी दी जा रही है। उस जानकारी से बच सके क्योंकि कांग्रेस पार्टी मनरेगा योजना को लेकर प्रदेश भर में एक व्यापक आंदोलन शुरू करने जा रही है जिसमें कांग्रेस पार्टी के नेता केंद्र सरकार की ओर से जारी की गई विकसित भारत की



राम जी योजना को लेकर केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोल रहे हैं और आप लग रहे हैं कि इस योजना के केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोल रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि मनरेगा योजना को बंद करके ग्रामीण लोगों के रोजगार के कानूनी अधिकार को छीन लिया है जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले दिनों खुद जयपुर में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके विकसित भारत की रामजी योजना को लेकर विस्तार से जानकारी दी थी और कहा था कि इस योजना में मनरेगा से भी अधिक दिनों तक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा और रोजगार के भुगतान के बारे में भी स्पष्ट जानकारी देते हुए बताया था कि इस योजना के तहत हर सप्ताह डिजिटल तरीके से भुगतान होगा मुख्यमंत्री शर्मा ने संवाददाताओं को बताया था कि मनरेगा में व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार छाया हुआ था नकली जॉब कार्ड और कई तरह के नकली सरकारी दस्तावेज प्रस्तुत करके करोड़ अरबो रुपए का नुकसान सरकार को पहुंचाया जा रहा था इसलिए इस योजना के पैटर्न को बदलकर विकसित भारत की रामजी योजना लागू की गई है जिसमें एक तरफ जहां ग्रामीण लोगों को मनरेगा से ज्यादा दिनों तक रोजगार देने की बात सुनिश्चित है तो दूसरी तरफ ग्राम पंचायत की अनुशंसा पर ही इस योजना में कार्यों की प्रकृति पर स्पष्टगाइडलाइन निर्धारित की गई है लेकिन कांग्रेस पार्टी मनरेगा को समाप्त करने आरोप लगाकर प्रदेश में विकसित भारत की राम जी योजना को लेकर विरोध करने के फलस्वरूप प्रदेश भर में आंदोलन करने जा रही है कांग्रेस पार्टी राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में इस तरह का आंदोलन कर रही है इसलिए राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के इस आंदोलन की कमर तोड़ने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ दोनों ने कमर कस ली है जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी जिला प्रभारी मंत्रियों को यह भी निर्देश दिया है कि वह वकायदा जिला स्तर पर संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दें ताकि विकसित भारत की रामजी योजना को लेकर प्रदेश के लोगों में किसी भी तरह की कोई शंका न रहे इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं से भी कहा है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जनता से संवाद के दौरान विकसित भारत की राम जी योजना के बारे में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गंभीरता से बताएं और उन्हें यह समझाएं कि यह योजना मनरेगा योजना से भी शानदार योजना है और इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जहां अच्छा रोजगार उपलब्ध हो सकेगा इसके अलावा इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र में अच्छे विकास कार्य भी हो सकेंगे तथा इस योजना में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी अनियमित और भ्रष्टाचार की स्थिति पैदा नहीं होगी मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के मौजूदा विधायकों पार्टी के विधानसभा प्रत्याशियों प्रदेश के सांसदों और लोकसभा प्रत्याशियों से भी आग्रह किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में इस योजना को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों से बातचीत करें और लोगों को ज्यादा से ज्यादा इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दे ताकि कांग्रेस पार्टी के बहकावे में ग्रामीण क्षेत्र के लोग नहीं आ पाए।

## राज्यपाल ने प्रवर्तन निदेशालय को पूर्व मंत्री महेश जोशी के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मंत्री महेश जोशी की मुश्किलें जल जीवन घोटाले में और बढ़ गई हैं। राज्यपाल ने प्रवर्तन निदेशालय को जोशी के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दे दी है राज्यपाल ने यह मंजूरी पीएमएलए के तहत दी है उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय ने जल जीवन मिशन घोटाले में मनी लांड्रिंग के आरोपों के तहत



महेश जोशी को पहले ही गिरफ्तार किया था। अब प्रीवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट 2002 के तहत उनके खिलाफ अभियोजन की मंजूरी मिलने से कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि जिस समय कथित अनियमिताएं हुई उस दौरान महेश जोशी जलदाय मंत्री थे और उनकी भूमिका संदिग्ध रही प्रवर्तन निदेशालय ने जल जीवन मिशन से जुड़े इस मामले में जांच के दौरान महेश जोशी को 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी का दावा है कि इस घोटाले में धन के लेनदेन और उससे जुड़े तथ्यों की गहन जांच की जा रही है अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद अब अदालत में मामले की सुनवाई तेज होने की संभावना है। जयपुर सेंट्रल जेल में बंद जोशी करीब 7 महीने बाद पिछले साल दिसंबर में जेल से बाहर आए थे । इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान महेश जोशी की ओर से वकीलों ने प्रवर्तन निदेशालय के आरोप को पूरी तरह खारिज किया था बचाव पक्ष का कहना था कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज मुख्य पुलिस रिपोर्ट में महेश जोशी का नाम तक शामिल नहीं है। इसके बावजूद प्रवर्तन निदेशालय उन पर 2.01 करोड रुपए लेने का आरोप लगा रही है इसके समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं पेश किया गया है राज्यपाल की ओर से अभियोजन की मंजूरी मिलने के बाद अब इस मामले में न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ेगी जल जीवन मिशन से जुड़े इस कथित घोटाले में महेश जोशी की भूमिका को लेकर जांच एजेंसियां और अदालत की नजर बनी हुई है आने वाले दिनों में यह मामला राज्य की राजनीति और प्रशासनिक हल्का में और चर्चा में रहने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों से बजट को लेकर चर्चा की, दोनों उपमुख्यमंत्री भी रहे मौजूद

**जयपुर(कासं.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को एक बार फिर से बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए चिकित्सा विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा भी मौजूद रहे इस बैठक में चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर भी उपस्थित रहे बैठक में आगामी बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में और क्या-क्या किया जा सकता है इसके बारे में बैठक में मौजूद लोगों से सलाह ली गई । बैठक में पिछले बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो जो घोषणाएं शामिल होने से बच गई थी उन घोषणाओं को आगामी बजट में शामिल करने की परिस्थितियों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में विधानसभा वार चिकित्सा के क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की ओर से की गई डिमांड को ध्यान में रखकर चिकित्सा विभाग से जुड़े लोगों से इस संबंध में विस्तार से चर्चा की गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चिकित्सा के क्षेत्र को लेकर भी काफी गंभीर हैं प्रदेश सरकार की ओर से पिछले विधानसभा सत्र में दिल्ली में एम्स के तर्ज पर जयपुर में एक बड़ा चिकित्सा संस्थान खोलने का निर्णय लिया गया था इसलिए इस संस्थान को लेकर भी शुक्रवार की बैठक में चिकित्सा विभाग से जुड़े लोगों के साथ मुख्यमंत्री ने विस्तार से बातचीत की जानकारी के अनुसार कांग्रेस पार्टी के नेता पिछली गहलोत सरकार की और से मेडिकल के क्षेत्र में अनेक फ्री सुविधा की योजनाओं का जिक्र करके प्रदेश के भजन लाल सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करते रहते हैं इसलिए आगामी बजट में चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार की ओर से विशेष घोषणाएं करने के बारे में गंभीरता से विचार किया जा रहा है शुक्रवार को ही बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले बजट में चिकित्सा के क्षेत्र में की गई घोषणाओं और वादों के क्रियान्वयन के बारे में भी चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी हासिल की उल्लेखनीय है कि भजनलाल शर्मा आगामी बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए पिछले कुछ दिनों से लगातार रोजाना किसी न किसी विभाग या क्षेत्र के विशेषज्ञ लोगों के साथ सामूहिक चर्चा कर रहे हैं प्रदेश की भजनलाल सरकार की कोशिश है कि आगामी बजट प्रदेश के हर वर्ग और जाति बिरादरी के लोगों को पसंद आने के साथ-साथ प्रदेश के चौमुखी विकास को भी सुनिश्चित करें ।

## अश्विनी वैष्णव ने 100 रेल अधिकारियों को 70वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिया

### रेल मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 26 ज़ोन को शील्ड भी प्रदान की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे संगठन में अनुकरणीय सेवा और उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 समर्पित कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रतिष्ठित 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (यशोभूमि)



द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित किया किया गय । इस समारोह में रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह, रेल बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, रेल बोर्ड के सदस्य एवं विभिन्न रेलवे जोन एवं उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक भी उपस्थित रहे अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 के लिए कुल 100 पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया , जिनमें नवाचार, परिचालन दक्षता, सुरक्षा, राजस्व वृद्धि, परियोजनाओं का समय पर समापन, खेल में उत्कृष्टता और सेवा के अन्य विशिष्ट क्षेत्रों में योगदान देने वाले 100 विजेताओं को शामिल किया गया है। 17 अधिकारियों और कर्मचारियों को नई नवाचारों, प्रक्रियाओं और कार्यविधियों को लागू करने के लिए सम्मानित किया किया गया जिनसे उत्पादकता में सुधार, व्यय में मितव्ययिता, आयात प्रतिस्थापन और संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग हुआ है जिससे भारतीय रेलवे में समग्र दक्षता मजबूत हुई है। 22 रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया जिनके परिणामस्वरूप जीवन और रेलवे संपत्ति की रक्षा हुई और जिन्होंने असाधारण साहस, प्रतिबद्धता और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार पुरस्कार वितरण समारोह में 14 अधिकारियों और कर्मचारियों को रेलवे की आय बढ़ाने और बिना टिकट यात्रा, चोरी और अन्य कुप्रथाओं से प्रभावी ढंग से निपटने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया जिससे वित्तीय अनुशासन मजबूत हुआ और राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। रेलवे परिचालन में सुधार, सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाने, बेहतर रखरखाव प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने और रेलवे परिसंपत्तियों के इष्टतम उपयोग और संरक्षण को बढ़ावा देने में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए 19 कर्मचारियों और अधिकारियों को सम्मानित किया गया इसी तरह बुनियादी ढांचे के विस्तार, क्षमता वृद्धि और परिचालन प्रदर्शन में सुधार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली रिकॉर्ड समयसीमा के भीतर महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 16 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया द्य निर्धारित श्रेणियों से परे क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 10 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जो भारतीय रेलवे के विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में व्यावसायिक उत्कृष्टता, समर्पण और प्रभावशाली योगदान को दर्शाता है। पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में ख्याति प्राप्त करने वाले और भारतीय रेलवे का नाम रोशन करने वाले दो खिलाड़ियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया द्य इसके अलावा व्यक्तिगत सम्मान के अतिरिक्त विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रेलवे जोन को 26 शील्ड प्रदान किए गएजो उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और समग्र उत्कृष्टता को मान्यता देंगे पुरस्कार पाने वालों में वे कर्मी शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के दौरान सुरक्षित और सुचारू रेलवे संचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरस्कार पाने वालों में वे अधिकारी भी शामिल हैं जिनका ऑपरेशन सिंदूर के दौरान योगदान कठिन परिस्थितियों में भी निर्बाध रेलवे संचालन और जनता को राहत सुनिश्चित करने में सहायक रहा साथ ही वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने कठिन खंडों में उन्नत गिट्टी सफाई मशीनों की शुरुआत की, जिससे ट्रैक सुरक्षा, सवारी की गुणवत्ता और दीर्घकालिक रखरखाव दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ।


## मुकुंदरा टाइगर हिल्स रिजर्व में टाइगर टी2408 की शिफ्टिंग, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला खुश



### उधर सवाई माधोपुर के रणथंबोर टाइगर रिजर्व में त्रिनेत्र गणेश मार्ग में बाघिन सुल्ताना के दीदार होने से पर्यटक खुश

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** सवाई माधोपुर के रणथंभौर टाइगर रिजर्व से टाइगर टी2408 को कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में शिफ्ट कर दिया गया है इसलिए कोटा क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर छा गई है कोटा के सांसद और लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने भी टाइगर के आगमन पर काफी खुशी जताई है अब मुकुंदरा हिल्स में टोटल 6 टाइगर आ गए हैं जो देश और विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं इस टाइगर के आने से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के चेहरों पर भी खुशी छा गई है उधर रणथंबोर के टाइगर रिजर्व में शुक्रवार को पर्यटकों के चेहरे खुशी उस समय खिल उठे जब उन्होंने अपनी आंखों से बाघिन सुल्ताना को



बहुत ही नजदीकी से देखा सुल्ताना शुक्रवार को रणथंबोर अभयारण्य में त्रिनेत्र गणेश मार्ग की सड़क पर वन विभाग की चौकी के पास चहल कदमी करती हुई पर्यटकों को नजर आई जैसे ही पर्यटकों की निगाह सुलताना पर पड़ी तो गाड़ी में सवार पर्यटक काफी रोमांचित हो उठे हालांकि सुल्ताना का मूवमेंट देखकर त्रिनेत्र गणेश मार्ग को दो पहिया वाहनों के लिए फिलहाल बंद कर दिया गया है क्योंकि सुल्ताना अपने बच्चों के साथ पिछले कुछ दिनों से इसी क्षेत्र में चहल कदमी करती हुई नजर आ रही है इसलिए फिलहाल दो पहिया वाहनों के लिए त्रिनेत्र गणेश मंदिर का रास्ता बंद कर दिया गया है

## दिल्ली में आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करेगी दिया कुमारी, बजट को लेकर चर्चा

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी आज दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर रही हैं इस मुलाकात में दिया कुमारी आगामी बजट की रूपरेखा तैयार करने के क्रम में केंद्र सरकार की ओर से अपेक्षित सहयोग के परिपेक्ष में केंद्रीय वित्त मंत्री से विस्तार से चर्चा करने वाली है। जानकारी के



अनुसार आगामी 28 जनवरी से राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है और फरवरी के पहले सप्ताह में राजस्थान विधानसभा में बजट प्रस्तुत किया जाएगा। यह बजट वित्त मंत्री के तौर पर दिया कुमारी प्रस्तुत करेगी इसलिए आगामी बजट की रूपरेखा तैयार करने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी दोनों ही युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं एक तरफ भजनलाल शर्मा पार्टी के सभी विधायकों और संगठन से जुड़े नेताओं से बजट के बारे में आवश्यक सुझाव और सलाह ले रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर और क्या-क्या समस्याएं रह गई हैं उन समस्याओं को प्राथमिकता के हिसाब से आगामी बजट में शामिल करने के बारे में भी भजनलाल शर्मा गंभीरता से विचार कर रहे हैं इसीलिए पार्टी के विधायकों से भी चर्चा के दौरान विधानसभा वार समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया कुमारी ने यह पहले ही कह दिया है कि भजनलाल सरकार की ओर से अब तक राजस्थान विधानसभा में जो भी बजट प्रस्तुत किए गए वे सभी बजट काफी शानदार और ऐतिहासिक थे और बजट के अधिकांश वादों को सरकार ने पूरा भी किया है आगामी बजट भी काफी शानदार समावेशी और स्पर्शी होगा इसीलिए बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए सामाजिक संगठनों व्यापारिक संगठनों कर्मचारी संगठनों विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ लोगों इत्यादि सभी के साथ संवाद करके भजनलाल सरकार बजट की रूपरेखा तैयार करने में जुटी हुई है।

## बजट 2026: संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से होगा शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)** भारत सरकार की सिफारिश पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2026 के बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सत्र 28 जनवरी 2026 को शुरू होगा और 2 अप्रैल 2026 तक चलेगा। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी 2026 को समाप्त होगा, और संसद 9 मार्च 2026 को फिर से एकत्रित होगी, जो सार्थक बहस और जन-केंद्रित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अमित शाह के स्वागत के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल ने पलक पावडे बिछाए, ऐतिहासिक तैयारी

**राजस्थान पुलिस अकादमी में आज शाम 3:00 बजे अमित शाह का उद्बोधन 10000 पुलिस कांस्टेबल को बाटेंगे नियुक्ति पत्र, भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह के जयपुर



आगमन की भजनलाल सरकार की ओर से शानदार तैयारी की जा रही है। आज अमित शाह राजस्थान पुलिस अकादमी में करीब 3:00 बजे एक विशाल कार्यक्रम में 10000 पुलिस कांस्टेबल को नियुक्ति पत्र देंगे । इसके देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के क्रम में कार्यक्रम में मौजूद पुलिस के अधिकारियों और जवानों को अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स भी देंगे इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी बुलाया गया है इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा और महिला मोर्चा को कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाना के निर्देश भी दिए गए हैं कार्यक्रम की शानदार तैयारी की गई है और राजस्थान पुलिस अकादमी में एक विशाल और आकर्षक पंडाल बनाया गया है जिसमें कार्यक्रम में मौजूद लोगों के लिए हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया गया है द्य अमित शाह के दौरे के चलते आज जयपुर में सुरक्षा के भी अतिरिक्त प्रबंध किए गए हैं ट्रैफिक व्यवस्था को भी और मजबूत सुव्यवस्थित किया जा रहा है कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को खुद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और वहां पर उन्होंने कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारी को बारीकी से देखा इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को विशेष सावधानी बरतने को कहा तथा कार्यक्रम में किसी भी तरह का मामूली व्यवधान खड़ा ना हो और किसी भी तरह की विपरीत स्थिति कार्यक्रम में नहीं बने इसके लिए पुलिस को विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज विशेष विमान से जोधपुर से जयपुर सीधे सांगानेर एयरपोर्ट पहुंचेंगे वहां से उनका विमान सीधा राजस्थान पुलिस अकादमी के हेलीपैड पर उतरेगा यहां से अमित शाह कार्यक्रम स्थल पर पैदल जाएंगे अमित शाह का पिछले 3 महीने में यह दूसरा जयपुर दौरा है इसलिए उनके दौरे को लेकर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी पूरी सावधानी बरत रहे हैं मुख्यमंत्री खुद उनके दौरे की पल-पल की व्यवस्था के बारे में अपडेट ले रहे हैं अमित शाह शुक्रवार की रात जोधपुर पहुंच रहे हैं अमित शाह का जोधपुर में शनिवार कोदिन में कार्यक्रम है जोधपुर में दिन में अपने कार्यक्रम संपादित करने के बाद वे जोधपुर से जयपुर पहुंचेंगे अमित शाह जोधपुर में बीएसएफ हेड क्वार्टर में शुक्रवार की रात विश्राम करेंगे जानकारी के अनुसार पिछले दिनों हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी अमित शाह ने नई कांस्टेबल की नियुक्ति के पत्र समारोह पूर्वक अपने हाथों से कांस्टेबल को दिए थे इसलिए राजस्थान में भी भजनलाल सरकार की ओर से एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन करके नवनियुक्त कांस्टेबल को अमित शाह के हाथों से ही नियुक्ति पत्र दिलवा रहे हैं इस कार्यक्रम को लेकर एक तरफ जहां राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और जवानों में उत्साह का माहौल बना हुआ है तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं में भी अमित शाह के इस दौरे को लेकर जोश छाया हुआ है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद अमित शाह के दौरे को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह इन दोनों ही नेताओं ने पिछले 2 साल में कई बार राजस्थान का दौरा किया है और अपने राजस्थान दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी के टॉप दोनों नेताओं ने प्रदेश की भजनलाल सरकार की खूब प्रशंसा की है व्यक्तिगत तौर पर भी मोदी और अमित शाह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ईमानदारी उनकी मेहनत और उनके कामकाज की खूब प्रशंसा की है इसलिए भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान से जुड़े नेताओं में ही नहीं बल्कि दिल्ली में बैठे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में भी अक्सर यह चर्चा होती रहती है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मोदी और अमित शाह दोनों काफी खुश और प्रभावित है भजनलाल शर्मा ने एक तरह से इन दोनों बड़े नेताओं का दिल जीत लिया है ।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
10 जनवरी, 2026


# मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना दिव्यांगजनों के चेहरे पर ला रही है मुस्कान

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल दिव्यांगजनों के शिक्षा एवं रोजगार में बन रही है मददगार

## राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में अलवर जिले के दिव्यांगजनों को सौंपी 166 स्कूटियों की चाबी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता का परिचायक बनी मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना दिव्यांगजनों की जिंदगी को नई दिशा दे रही है। इस योजना के माध्यम से दिव्यांगजनों को सिर्फ स्कूटी ही नहीं मिल रही है, बल्कि उनके स्वाभिमान और आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल में जिले के दिव्यांगजनों को कुल 166 स्कूटियां वितरित की गई है, जिसमें 146 स्कूटी मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत एवं 20 स्कूटी वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा के विधायक कोष से वितरित की गई है।





### मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना की कहानी दिव्यांगजनों की जुबानी

मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना एवं विधायक निधि कोष से स्वीकृत स्कूटी मिलने पर दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान आई है। अलवर शहर के बुध विहार निवासी अनिता कुमारी ने बताया कि वह प्राइवेट संस्थान में अकाउंटेंट का कार्य करती है तथा कठूमर निवासी रामबाबू ने बताया कि वह ई-मित्र का काम सीख रहा है। घर से कार्य स्थल तक आने-जाने में बहुत परेशानी का सामना करना पडता था। स्कूटी मिलने से आने-जाने में सुविधा होने के साथ अब समय की भी बचत होगी। इसी प्रकार अलवर शहर के बिच्छु की गली निवासी दिव्यांग लाभार्थी दीनदयाल शर्मा की कक्षा 6 में अध्ययनतरत पुत्री राजश्री ने अपने पिता को स्कूटी मिलने पर राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि पिताजी ईटाराना स्थित निजी संस्थान में अकाउंटेंट का काम करते हैं तथा उन्हें आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पडता था। पिताजी को स्कूटी मिलने पर आने-जाने में अब किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी तथा मैं भी पिताजी के साथ पार्क आदि स्थानों पर घूमने जा सकूंगी। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री दिव्यांगज स्कूटी योजना एवं विधायक निधि कोष स्वीकृत से स्कूटी मिलने पर मुख्यंमत्री भजनलाल शर्मा एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा का आभार जताया।

## राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के 9वें दिन सडक सुरक्षा की जागरूकता हेतु सुरक्षा रथ रवाना



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत जिले में 31 जनवरी तक संचालित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के 9वें दिन आमजन को यातायात नियमों एवं सडक सुरक्षा संबंधी जन जागरूकता के लिए सडक सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ललित गुप्ता एवं जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज ने यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सडक जनजागरूकता बढाने हेतु आमजन एवं स्टाफकर्मियों को यातायात नियमों की जानकारी वाली पुस्तिका/पम्पलेट वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि सडक सुरक्षा अभियान के तहत विभागीय समन्वय से सडक सुरक्षा के क्षेत्र में समझाइश, प्रवर्तन कार्रवाई, जनजागरूकता, यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## ओबीसी नॉन-क्रीमिलेयर प्रमाण-पत्र की जटिल प्रक्रिया पर उठी आवाज

### सरलीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान व राष्ट्रीय ओबीसी आयोग चेयरमैन को पत्र

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** ओबीसी नॉन-क्रीमिलेयर प्रमाण-पत्र बनवाने में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को लेकर भाजपा अलवर (दक्षिण) ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल (एडवोकेट) ने मुख्यमंत्री राजस्थान एवं राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन, भारत सरकार को पत्र प्रेषित कर प्रक्रिया में सुधार एवं सरलीकरण की मांग की है। मुकेश जायसवाल ने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार ओबीसी नॉन-क्रीमिलेयर प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए प्रत्येक वर्ष जाति का पुनः सत्यापन कराना पड़ता है, जबकि जाति जन्म से निर्धारित होती है और उसमें कोई वार्षिक परिवर्तन नहीं होता। इसके विपरीत आय एक परिवर्तनशील तथ्य है, जो समय के साथ बदलती रहती है। बावजूद इसके, नियमों के तहत हर बार नया जाति प्रमाण-पत्र मांगा जाना ओबीसी वर्ग के लिए अनावश्यक परेशानी का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से न केवल आम नागरिकों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, बल्कि प्रशासनिक तंत्र पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। पत्र के माध्यम से भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने ओबीसी समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार से अपील की है कि इस व्यावहारिक समस्या को गंभीरता से समझते हुए नियमों में आवश्यक सुधार किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार उठाए जा रहे जनहितकारी कदमों की कड़ी में ओबीसी समाज की इस समस्या का भी शीघ्र समाधान निकाला जाएगा।

## भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक हुई आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अंबेडकर नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अलवर दक्षिण जिला समन्वयक रघुनाथ नरेड़ी उपस्थित रहे। इस बैठक में अनेक महत्वपूर्ण संगठनात्मक विषयो पर चर्चा की एवं पूर्व में हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक को अलवर ग्रामीण पूर्व विधायक जयराम जाटव ने भी संबोधित किया इस बैठक में BLA-1 विष्णु शर्मा, जिला महामंत्री नरेश गोयल, पं ऋषिराज शर्मा, उपाध्यक्ष मूलचंद डीगवाल, हुकुम फागना, अभिराम दीक्षित, पूर्व जिला महामंत्री राम अवतार चौधरी, मंडल अध्यक्ष विशाल साहू, प्रमोद शर्मा, सतीश पटेल, नरेंद्र यादव, सुबे सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष तुलसी नवालिया, सतवीर यादव, मुकेश चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष सुनील शर्मा सालपुरी, सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे, यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## लावारिस नवजात शिशु को बाल कल्याण समिति के समक्ष किया पेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** चाइल्ड लाइन अलवर द्वारा लावारिस नवजात शिशु को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रेनू गुप्ता एवं सदस्य ज्योति आहूजा ने लावारिस नवजात शिशु को राजकीय शिशु ग्रह अलवर में प्रवेश का आदेश जारी किया। उक्त लावारिस बच्ची को पालना गृह महिला चिकित्सालय अलवर में छोड़ा गया था। डॉक्टर ने बताया भर्ती के समय बच्ची की उम्र लगभग 24 घंटे से पूर्व जन्मी हुई है लावारिस बच्ची का वजन 2000 ग्राम है तापमान सामान्य है बच्ची का टीकाकरण करवा दिया गया सभी जांच हो चुकी हैं सभी जांच सामान्य आई है बच्ची पूर्णतया स्वस्थ है बच्ची को देखभाल की आवश्यकता है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक

### फूलबाग पैलेस में जुटे दिग्गज नेता, जनआंदोलन की बनाई रणनीति



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मोदी सरकार पर राजनीतिक षड्यंत्र के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान (10 जनवरी से 25 फरवरी) के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की एक महत्वपूर्ण बैठक फूलबाग पैलेस, अलवर में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं एआईसीसी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा राष्ट्रीय सचिव व भरतपुर सांसद संजना जाटव ने अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। भंवर जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों, किसानों और बेरोजगार परिवारों के लिए जीवनरेखा है। केंद्र सरकार द्वारा बजट में कटौती, भुगतान में देरी तथा नियमों में बदलाव कर इस योजना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के तहत विधायक, विधायक प्रत्याशी, प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंच प्रत्येक पंचायत में गांव-गांव और मनरेगा कार्यस्थलों पर जाकर आमजन व मनरेगा श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करते हुए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीकों से व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के अध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने बताया कि 10 जनवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान को पूरी मजबूती, अनुशासन और व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाएगा तथा मनरेगा को कमजोर करने की हर साजिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक में विधायक कांति प्रसाद मीणा, मांगेलाल मीणा, ललित यादव, विधानसभा प्रभारी पुष्पेन्द्र धाबाई, हरिशंकर रावत, इमरान खान, अंकित गोयल, साजिद खान, ब्लॉक अध्यक्ष जफरुखान, नरेन्द्र सावित्री मीणा, जे.डी. आर्यन, प्रीतम सिंह मेहंदीरत्ता, शिव सहाय मीणा, हरिकिशन मीणा, कमलेश सैनी, लीली यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शुध्द आहार मिलावट पर वार अभियान में अनेक जगहों से लिए खाद्य सामग्री के नमूने



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर डॉ टी. शुभमांगला एवं जिला कलक्टर अलवर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ योगेंद्र शर्मा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शुक्रवार को आयुक्तालय से प्राप्त निर्देशानुसार एस पी ट्रेडिंग कंपनी केंडलगंज अलवर से गुड का नमूना, ग्राम निवेद तहसील लक्ष्मणगढ़ स्थित मिल्क सीलिंग केंद्र वृंदावन मिल्क प्रोडक्ट से एक दूध का नमूना, सखी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी शीतल तहसील लक्ष्मणगढ़ से एक दूध एवं घी का नमूना, गोयल किराना स्टोर बडौदा में तहसील लक्ष्मणगढ़ से एक गुड का नमूना जांच हेतु लिया जाकर प्रयोगशाला भिजवाया गया एवं मिलावट की आशंका पर करीब 190 किलो गुड़ को जप्त किया गया प्रयोगशाला भिजवाए गये नमूना में जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जावेगी माह जनवरी 2026 एवं फरवरी 2026 में टी शुमंगला महोदया आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देशानुसार जिले में 31 खाद्य लाइसेंस बनवाने हेतु शिवर लगाए जाएंगे जिसके अंतर्गत सभी मिल्क वेंडर, खाद्य पदार्थ ट्रांसपोर्ट करने वाले समस्त खाद्य कारोबारी, शराब विक्रेता, सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता, दूध डेरी, दूध समिति, चाट ठेले, सहित समस्त खाद्य करबारी कर्ता के लाइसेंस बनाए जाएंगे इसके पश्चात यदि कोई खाद्य कारोबारी बिना लाइसेंस /रजिस्ट्रेशन कार्य करते पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध एफएस एसए 2006 के अंतर्गत 10 लाख तक की पेनल्टी की जा सकती है।

उक्त कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल, जय सिंह यादव, अशोक लखेरा एवं विश्व बंधु गुप्ता उपस्थित रहे।

## 69वीं अण्डर 19 छात्रा राष्ट्रीय विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने प्राप्त किया गोल्ड मेडल

### प्रतियोगिता में देश में प्रथम स्थान दिलाने पर राजस्थान की टीम की प्रशिक्षक डॉ. दीपिका अरोडा का किया शिक्षा विभाग द्वारा सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं अण्डर 19 छात्रा राष्ट्रीय विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम द्वारा देश में प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर राजस्थान टीम की राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं राउमावि साहडोली की शारीरिक शिक्षक डॉ. दीपिका अरोडा का सम्मान किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 69वीं अण्डर 19 छात्रा राष्ट्रीय विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में इस वर्ष राजस्थान के शिक्षा विभाग ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि राउमावि साहडोली की शारीरिक शिक्षक डॉ. दीपिका अरोडा के राजस्थान की टीम के कोच बनने के बाद राजस्थान बास्केटबॉल प्रतियोगिता में निरन्तर पदक की राह अग्रसर रही है। इस अवसर पर एडीपीसी मनोज कुमार शर्मा एवं समस्त कार्मिक मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के आयोजन स्थल एवं आयोजन के विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में की गई तैयारी कि विस्तार से समीक्षा की। जिसमें स्थल की साफ, सफाई, ध्वजारोहण, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महामहिम राज्यपाल के भाषण की प्रति, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, बेरिकेडिंग व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, परेड, झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की विभिन्न विभागों के माध्यम से की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में किया जाएगा। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, सहायक निदेशक आयुर्वेद अजीत बालयान, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, सहायक अभियंता नगर परिषद भूपेंद्र सिंह, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस की सक्रिय नेत्री साफिया जुबेर खान को मिली एक बड़ी जिम्मेदारी, कांग्रेसियो में छाई खुशी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मेवात क्षेत्र की कांग्रेस की सक्रिय नेत्री साफिया जुबेर खान को संगठन की ओर से एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद शुक्रवार को अलवर में कांग्रेस पार्टी में खुशी छा गई।

इस खुशी के मौके पर फूल बाग में पहुंच कर पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया गया एवं दिल्ली मुंबई हाईवे कट शीतल से अलवर तक बीच मैं अनेकों स्थानों पर साफिया जुबैर का भव्य स्वागत किया गया।



इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। फूल बाग पहुंचने पर साफिया जुबेर खान ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का भी अभिनंदन किया। नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत करने की अपेक्षा जताई। साफिया जुबेर खान ने इस मौके पर कहा कि महिला कांग्रेस में उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह संगठन के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व एवं जितेंद्र सिंह सहित और सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करती हैं, जिन्होंने उन पर भरोसा जताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस जिम्मेदारी के तहत वे महिलाओं की आवाज़ को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगी।

उन्होंने कहा कि आज समाज में महिलाओं के खिलाफ लगातार अन्याय और अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यशैली के कारण महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। महिला कांग्रेस ऐसे हर मुद्दे पर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी।

इस मौके पर भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि साफिया जुबेर मेवात की शिक्षित महिला नेता है उन्हें जिला प्रमुख, विधायक जैसे पदों का अच्छे से निर्वहन किया है और इनके कार्य नेतृत्व को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने इन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है, ये एक सशक्त महिला नेता है ये देश भर में महिलाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम करेंगी कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर साफिया जुबेर खान का स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी आंदोलनों की रणनीति को लेकर भी चर्चा की गई।

समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर महिला अधिकारों की लड़ाई को और तेज करने का संदेश दिया। इस दौरान विधायक कांति मीणा, ललित यादव, मांगे लाल मीणा, जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत, बलराम यादव, पूर्व विधायक जौहरी लाल मीणा, बलजीत यादव, संजय यादव, आर्यन जुबैर खान, इमरान खान अजीत यादव पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस दीनबंधु शर्मा, सदर शेर मोहम्मद, गफूर खान, प्रधान नसरू खान, आरिफ खान, लियाकत खान, पुष्पेंद्र धाबाई, शम्मा खान, कमलेश सैनी, लीली यादव, हस्द्ध जिलाध्यक्ष सतीश पटेल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृष्ण यादव, राजीव गांधी पंचायती राज के जिलाध्यक्ष उम्मीद लाल मीणा सहित जिले के सरपंच पंचायत समिति सदस्य जिला परिषद सदस्य व जिले के अनेक नेतागण मौजूद रहे।

## रामगंज में चार दरवाजा के पास हार्डवेयर शॉप में भीषण आग, इलाके में हड़कंप मचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में रामगंज थाना इलाके में चार दरवाजे के पास गुरुवार की रात हार्डवेयर शॉप की दुकान में अज्ञात कारण के चलते भीषण आग लग गई जिससे आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में खलबली मच गई। दुकान में जब आग लगी उस समयदुकान बंद हो चुकी थी इसलिए माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह आग लगी। दुकान में आज की विकराल लपट और धुआं देखकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए लोगों ने तुरंत दुकान के मालिक और पुलिस को सूचित किया जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात दुकान का मालिक दुकान बंद करके घर चला गया था रात करीब 10:00 बजे दुकान से अचानक धुआ और अग्नि की लपटे देखकर आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में खलबली मच गई लोग तुरंत दुकान के सामने पहुंचे आग ने पूरी दुकान को अपनी आगोश में ले लिया था इसलिए जब तक आग पर काबू पाया जा सका तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर स्वाह हो चुका था।

## ए.एन.टी.एफ. ने डेढ़ किलो अफीम का दूध पकड़ा, गाय के बाड़े में छुपा कर रखा था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बाड़मेर में ए एनटीएफ ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए गाय के बाड़े में छुपा कर रखें अफीम के दूध को बरामद किया है यह अफीम का दूध करीब डेढ़ किलो बताया गया है जिनके अंतरराष्ट्रीय कीमत 750000 बताई गई है। पुलिस ने मौके पर सतपाल नामक एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जो पूर्व में भी इसी तरह के मामले में गिरफ्तार हो चुका है । प्रारंभिक जांच पड़ताल में सामने आया है कि गिरफ्तार तस्कर सत्यपाल बरामद किए गए अफीम के दूध को गाय की दवाई बताया करता था । अब सत्यपाल से पूछताछ करके यह पता लगाया जा रहा है कि वह बरामद किए गए अफीम के दूध को कहां से और किन लोगों से लेकर आया था और वह इस अफीम के दूध को किसको सप्लाई करने जा रहा था इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है कि वह इस अवैध धंधे में कब से शामिल है और सतपाल के संपर्क सूत्रों का भी पता लगाया जा रहा है इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त सत्यपाल पहले भी एनडीपीएफ मामले में गिरफ्तार हो चुका है इसलिए यह शातिर किस्म का अपराधी है और कहीं ना कहीं यह अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले किसी बड़े ग्रुप से जुड़ा हुआ है । इसलिए इस बार सतपाल से गहनता से जांच पड़ताल करके अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने की कोशिश की जा रही है ।

## एसीबी ने बिजली विभाग के ए. ई. एन. को आगरा से और जे. ई. एन. को रिश्वत के आरोप में भरतपुर से दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए भरतपुर जिले में उचेन्न स्थित बिजली विभाग के दो बड़े अधिकारियों को 50000 रुपए की रिश्वत के आरोप में अरेस्ट किया है। एसीबी की टीम ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अभियंता मोहित को उत्तर प्रदेश के आगरा से तथा कनिष्ठ अभियंता अभिषेक गुप्ता को भरतपुर से गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम गिरफ्तार अभियुक्तों के विभिन्न ठिकानों पर भी सर्च अभियान को अंजाम दे रही है इसके अलावा एसीबी की टीम अब गिरफ्तार अभियुक्तों की ओर से पिछले दिनों संपादित की गई विभिन्न तरह की फाइलों के बारे में भी गंभीरता से जांच पड़ताल कर रहे हैं । जानकारी के अनुसार गिरफ्तार बिजली विभाग के इन दोनों अधिकारियों ने केंद्र सरकार की ओर से संचालित सूर्य ताप कर योजना में सोलर प्लांट के लिए जारी होने वाली किस्त के भुगतान के बदले परिवादी से रिश्वत की डिमांड की थी जिसके शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी दोनों अधिकारियों मोहित और अभिषेक गुप्ता को गिरफ्तार करने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीमों ने सुनियोजित तरीके से मोहित कटियार को आगरा से और अभिषेक गुप्ता को भरतपुर से अरेस्ट किया है ।

## लकड़ी के अवैध परिवहन पर करें कार्रवाई : सुराणा

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में वन विभाग की योजनाओं, कार्यों व कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि पुलिस के सहयोग से लकड़ी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करें। जिले में खेजड़ी के पौधरोपण को बढ़ावा मिले, इसके लिए नर्सरियों में पौध तैयार की जाएं और वन क्षेत्र बढ़ाने के समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ताल छापर पक्षी उत्सव – 2026 क आयोजन को तैयारियों की समीक्षा करते हुए समुचित निर्देश दिए। उन्होंने जिले में नर्सरियों में तैयार पौध, मृत पौधों की जगह दूसरे पौधे लगाने, तालछापर से जसवंतगढ़ में कृष्ण मृगों के ट्रांसलोकेशन, पंच गौरव योजना अंतर्गत कार्य योजना, अनुमोदित कार्यों के टेंडर व कार्यादेश जारी करने, नवाचारों, आगामी मानसून के दौरान पौधरोपण तैयारियों, लकड़ी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई आदि गतिविधियों पर चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

# कैमल फेस्टिवल का भव्य आगाज, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल की सादगी चर्चा का विषय

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** बीकानेर में शुक्रवार से इंटरनेशनल कैमल फेस्टिवल का आगाज हो गया है । यह फेस्टिवल राजस्थान की जीवंत लोक संस्कृति और ऊंट से जुड़ी परंपराओं का शानदार उत्सव माना जा रहा है तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में सजे धजे ऊंट लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां पारंपरिक वेशभूषा हेरिटेज वॉक और स्थानीय व्यंजनों की खुशबू ने शहर को उत्सव के रंग में रंग दिया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल जो बीकानेर के सांसद हैं इस फेस्टिवल में अपनी सादगी सरल व्यवहार और अपने बोलचाल के लहजे से काफी चर्चा का विषय बने हुए हैं । मेघवाल ने बाकायदा फेस्टिवल में विदेशी पर्यटकों के साथ एक ही टेबल पर खाना खाया खाने की टेबल पर बीकानेर के परंपरागत मोटे अनाज से तैयार की गई। विभिन्न तरह की खाद्य सामग्रियां रखी हुई थी जो विदेशी पर्यटकों को भी काफी पसंद आ रही थी बाजरे का खिचड़ा बाजरे की रोटी मक्का की रोटी सरसों का साग इत्यादि बीकानेर के कई परंपरागत व्यंजन इस फेस्टिवल में विदेशी पर्यटकों को खूब पसंद आए। मेघवाल ने भी देश और विदेश से आए पर्यटकों के साथ इस फेस्टिवल को लेकर अपने अनुभव शेयर किया और उन्होंने इस कैमल फेस्टिवल के बारे में देश और विदेश के पर्यटकों को बारीकी से जानकारी उपलब्ध करवाई और कैमल के बारे में तमाम तरह की जानकारियां विदेशी पर्यटकों को दी उन्होंने बताया कि कैमल को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है क्योंकि यह पशु कई दिनों तक बिना पानी के भीषण गर्मी में रेगिस्तान में सफर कर सकता है मेघवाल ने विदेशी पर्यटकों को राजस्थान की लोक संस्कृति रीति रिवाज वेशभूषा त्योहार राजस्थानी पालतू पशु इत्यादि सभी के बारे में विदेशी पर्यटकों के साथ अपने अनुभव शेयर किया जिसकी वजह से केंद्रीय मंत्री मेघवाल विदेशी पर्यटकों के बीच भी इस फेस्टिवल में चर्चा का विषय बन रहे जानकारी के अनुसार इस कैमल फेस्टिवल में रेगिस्तान के जहाज कहे जाने वाले ऊंट की शान के साथ-साथ राजस्थानी परंपराओं लोक संस्कृति और रंग-बिरंगे आयोजनों की झलक देखने को मिल रही है जिला प्रशासन पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस फेस्टिवल में सजे धजे ऊंट रोगी ले मूंछ और दाढ़ी वाली युवा पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं विदेशी पर्यटकों को खासा आकर्षित कर रहीहैं फेस्टिवल की शुरुआत हेरिटेज वॉक से हुई जो लक्ष्मीनाथ जी मंदिर से शुरू होकर बड़ा बाजार मोहता चौक मारू नायक चौक और मावा पट्टी होते हुए रामपुरिया हवेली तक पहुंची केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के आगमन के बाद शुरू हुई इस हेरिटेज वॉक में लोक कलाकारों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर शानदार प्रस्तुतियां दी द्य हेरिटेज वॉक के पूरे मार्ग पर नगर निगम की ओर से विशेष सभा सफाई अभियान चलाया गया जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए पारंपरिक सजावट की गई और पर्यटकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई इस दौरान भुजिया घेवर और जलेबी बनाने की लाइव प्रक्रिया भी दिखाई गई जिसे देखकर विदेशी पर्यटक काफी उत्साहित नजर आए ।

## प्रदेश सरकार और विधायकों की मिली भगत से अवैध खनन जोरो से: टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में बेखौफ होते बजरी माफिया और पुलिस पर बढ़ते हमलों को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भजनलाल सरकार पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। जूली ने सीधा आरोप लगाया है कि अवैध खनन का यह काला खेल सरकार और विधायकों की मिलीभगत से चल रहा है। जूली ने केकड़ी की हालिया घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून का नहीं बल्कि माफिया का राज है। एक एएसआई खुद स्वीकार कर रहा है कि उस पर कार्रवाई न करने के लिए विधायक का फोन आया और फिर उसे हटा दिया गया। यह इस बात का सबूत है कि पुलिस के हाथ बांध दिए गए हैं और माफिया को सत्ता का कवच मिला हुआ है। नेता प्रतिपक्ष ने तंज कसते हुए कहा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली भाजपा सरकार में अरावली का सीना छलनी किया जा रहा है। बातें पर्यावरण बचाने की होती हैं लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बजरी माफिया को खुली छूट दे दी गई है। जूली ने मुख्यमंत्री से जवाब मांगते हुए कहा हम पहले दिन से कह रहे हैं कि इस अवैध कारोबार में आपके मंत्री और विधायक बराबर के हिस्सेदार हैं। अगर ऐसा नहीं है तो मुख्यमंत्री उच्च स्तरीय जांच के आदेश क्यों नहीं देते? केकड़ी मामले में विधायक की भूमिका की जांच क्यों नहीं हो रही?नेता प्रतिपक्ष ने साफ कर दिया कि सरकार की यह चुप्पी अब नहीं चलेगी। विधानसभा का बजट सत्र सामने है। हम देखेंगे कि सरकार माफिया पर कार्रवाई करती है या फिर अपनी बचाओ और कमाओ नीति पर चलती है। सदन में सरकार को एक-एक सवाल का जवाब देना होगा।

## एसीबी ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता को रिश्वत में 84 हजार रुपए कीमत का आईफोन लेते गिरफ्तार किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को प्रदेश में झालावाड़ में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता विष्णु चंद्र गोयल को रिश्वत में 84000 रुपए का आईफोन लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की इस कार्रवाई के बाद जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग में पोस्टेड अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गिरफ्तार अभियुक्त विष्णुचंद्र गोयल के विभिन्न ठिकानों पर सर्च अभियान को अंजाम दे रही है एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गिरफ्तार अभियुक्त विष्णु चंद्र गोयल के बारे में तमाम तरह की तहकीकात कर रही है क्योंकि एसीबी के अधिकारियों को संदेह है कि गोयल बिना पैसा लिए दिए कोई कार्य नहीं करता था इसलिए गोयल की ओर से निपटाई गई विभिन्न फाइलों और दस्तावेजों के बारे में गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी हेड पंप की मरम्मत पाइपलाइन की लीकेज को सुधारने जैसे कार्य करता है जिसने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई की झालावाड़ स्थित जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग में अधीक्षण अभियंता विष्णु चंद्र गोयल बकाया बिलो का भुगतान करने के बदले कीमती आईफोन जिसकी कीमत करीब 130000 से 150000 रुपए निर्धारित है जिसकी रिश्वत के रूप में डिमांड कर रहा है और रिश्वत नहीं देने पर बकाया बिलों का भुगतान नहीं करने और उस पर फर्जी बिल बनाने का आरोप लगाकर उसे ब्लैकलिस्टेड करने की धमकी दे रहा है जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने आरोपी विष्णु चंद्र गोयल को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत शुक्रवार को जैसे ही परिवादी ने महंगा आईफोन जिसकी कीमत 84 000 है देने लगा उस समय वहां पहले से तैयार बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने आईफोन सहित विष्णु चंद्र गोयल को मौके पर ही पकड़ लिया ।

## कांग्रेस का 45 दिन का अभियान वास्तव में 'झूठ बोलो, भ्रम फैलाओ और राजनीति करो' का अभियान: मदन राठौड़

### वीबी-जी राम जी में बायोमेट्रिक हाजिरी,एआई आधारित निगरानी,दलालों और भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक, 125 दिन का रोजगार और 60 दिन का ब्रेक

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं द्वारा वीबी जी राम जी को लेकर जनता के बीच जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है। कांग्रेस की यह राजनीति न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि ग्रामीण मजदूरों, किसानों और गरीब परिवारों के हितों के साथ खुला खिलवाड़ भी है। डोटासरा द्वारा जिस तथाकथित 45 दिन के अभियान की घोषणा की जा रही है, वह वास्तव में झूठ बोलो, भ्रम फैलाओ और राजनीति करो का अभियान है। कांग्रेस को समझना चाहिए कि झूठ के सहारे लंबे समय तक जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। डोटासरा और गहलोत को इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना राजनीति से बचना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस यह प्रचार कर रही है कि वीबी जी राम जी लागू होने से ग्रामीण रोजगार व्यवस्था समाप्त हो जाएगी, मजदूरी मिलने में दिक्कत आएगी और नई प्रणाली से गड़बड़ियाँ बढ़ेंगी। यह सब सरासर झूठ है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस जनता को गुमराह कर अपनी राजनीतिक जमीन बचाने की असफल कोशिश कर रही है। राठौड़ ने कहा कि हकीकत यह है कि वीबी जी राम जी के तहत मनरेगा को और अधिक सशक्त, पारदर्शी और मजदूर हितैषी बनाया गया है। काम के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पहले से अधिक बढ़े हैं। किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 60 दिन का कृषि ब्रेक दिया गया है, ताकि खेती और मजदूरी के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो सके। मजदूरों को समय पर उनका मेहनताना मिले, इसके लिए हर सप्ताह मजदूरी भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इससे मजदूरों को साहूकारों के चंगुल से मुक्ति मिलेगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। राठौड़ ने कहा कि वीबी जी राम जी में बायोमेट्रिक हाजिरी और एआई आधारित निगरानी प्रणाली लागू कर फर्जी हाजिरी, दलालों और भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाई गई है। जो लोग वर्षों तक मनरेगा में भ्रष्टाचार से लाभ उठाते रहे, उन्हें यह पारदर्शी व्यवस्था रास नहीं आ रही है, इसलिए वे इसका विरोध कर रहे हैं। वीबी जी राम जी पूरी तरह देशहित, मजदूर हित और किसान हित में है। यह योजना गरीबों के अधिकारों को सुरक्षित करने, वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि वह मजदूरों और किसानों के साथ है या फिर उन ताकतों के साथ जो भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से लाभ उठाती रही हैं। भाजपा गरीब, किसान और श्रमिक के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ी है और किसी भी प्रकार के भ्रम और झूठ का तथ्यों के साथ जवाब देती रहेगी। प्रदेश की जनता अब सब समझ चुकी है। मजदूर और किसान सच्चाई जानते हैं और वे कांग्रेस की भ्रम फैलाने वाली राजनीति को स्वीकार नहीं करेंगे।

## *100 किलो नकली देसी घी बरामद, मौके पर सरस और कृष्णा घी के खाली पैकेट पड़े मिले*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जिला प्रशासन रसद विभाग और पुलिस विभाग की लाख कोशिश के बावजूद भी प्रदेश में नकली देसी घी का कारोबार जोर-जोर से संचालित हो रहा है प्रमुख ब्रांड के ब्रैकेट तैयार करवा कर उसमें नकली घी पैक करके उपभोक्ताओं को परोसा जा रहा है जो लोगों की सेहत के लिए काफी खतरनाक है इसी तरह का ताजा मामला प्रदेश के टोंक के इंदिरा कॉलोनी में देखने को मिला जहां एक बड़ी डिपार्टमेंट स्टॉल से करीब 100 किलो नकली घी बरामद किया गया है यह डिपार्टमेंटल स्टोर श्री महावीर डिपार्टमेंटल स्टोर के नाम से है और डिपार्टमेंटल स्टोर में सारस और कृष्ण के खाली पैकेट भी मिले हैं इसलिए कहीं ना कहीं ऐसा लगता है कि सरस और श्री कृष्ण ब्रांड के नाम पर उपभोक्ताओं को इस डिपार्टमेंट स्टोर से नकली घी ग्राहकों को दिया जा रहा था इस मामले में डिपार्टमेंट स्टोर के मालिक से पूछताछ की जा रही है और बरामद किए गए नकली घी को जांच के लिए लैबोरेट्री भेजा गया है कुल मिलाकर जिस तरह से प्रमुख ब्रांड के नाम से उपभोक्ताओं के साथ घी जैसे नकली महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ ग्राहकों को परोसा जा रहा है यह कहीं ना कहीं लोगों की सेहत के लिए काफी खतरनाक है डिपार्टमेंट स्टोर से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है वह इस गोरख धंधे में कब से शामिल है और अब तक कितना घी उसने इसी तरह से उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाया है इन सब मामलों की गंभीरता से जांच की जा रही है जानकारी के अनुसार जिस डिपार्टमेंट स्टोर में इस छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया है यह डिपार्टमेंट स्टोर इंदिरा कॉलोनी का काफी मशहूर डिपार्टमेंटल स्टोर है यहां बड़ी संख्या में ग्राहक सुबह से लेकर देर रात तक दैनिक दिनचर्या की खाद्य वस्तुएं और अन्य सामान खरीदने के लिए आते हैं इसलिए जिस तरह से मौके पर सारस और कृष्ण जैसे प्रमुख ब्रांड के पैकेट मिले हैं उससे साफ जाहिर है कि प्रदेश में प्रमुख ब्रांड के खाद्य वस्तुओं के नाम पर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी हो रही है और उन्हें जीते जी मौत के मुंह में नकली सामान का कारोबार करने वाले लोग भेज रहे हैं ।

## वीबी-जी राम जी के नाम पर गरीब की थाली पर चोट, भाजपा जनता को गुमराह न करें : टीकाराम जूली



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा है कि वीबी-जी राम जी योजना मनरेगा को सुनियोजित तरीके से खत्म करने का एक षड्यंत्र है। जूली ने कहा कि मदन राठौड़ और भाजपा सरकार झूठ बोलो और भ्रम फैलाओ का आरोप कांग्रेस पर लगा रही है जबकि हकीकत यह है कि भाजपा अपनी विफलताओं और गरीब विरोधी नीतियों को छिपाने के लिए जुमलेबाजी का सहारा ले रही है। टीकाराम जूली ने कहा कि मदन राठौड़ 125 दिन के रोजगार का ढिंढोरा पीट रहे हैं, लेकिन उन्हें याद होना चाहिए कि राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत पहले ही मनरेगा के 100 दिनों के बाद 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार (कुल 125 दिन) देना शुरू कर दिया था। और सहरिया, खैरुआ व कथौड़ी जनजाति के लिए यह 200 दिन था। भाजपा सरकार ने नया क्या किया? उलटे केंद्र सरकार लगातार मनरेगा का बजट घटाकर रोजगार के अवसर कम कर रही है। राजस्थान में भाजपा सरकार के दो सालों में मनरेगा में काम के औसत दिवस 50 से कम हो गए हैं। प्रतिपक्ष के नेता ने कहा कि भाजपा इसे किसानों का हित बता रही है, लेकिन यह वास्तव में मजदूरों का हक मारने का तरीका है। मनरेगा एक मांग-आधारित कानून है। मजदूर को जब जरूरत हो उसे काम मिलना चाहिए। 60 दिन का अनिवार्य ब्रेक लगाकर सरकार यह तय कर रही है कि मजदूर कब भूख से मरेगा और कब कमाएगा। यह ब्रेक सिस्टम उन भूमिहीन मजदूरों के पेट पर लात है जिनके पास अपनी खेती नहीं है जूली ने कहा कि राठौड़ एआई और बायोमेट्रिक हाजिरी को क्रांति बता रहे हैं, लेकिन धरातल पर यह डिजिटल स्ट्राइक साबित हो रही है। गाँवों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की भारी समस्या है। मेहनतकश मजदूरों के हाथों की रेखाएं घिस जाती हैं जिससे मशीन उन्हें पहचानती नहीं हैं। सर्वर डाउन होने के कारण हजारों मजदूरों की हाजिरी नहीं लग पाती और उन्हें दिनभर काम करने के बाद भी अनुपस्थित मानकर मजदूरी नहीं दी जाती। कांग्रेस भ्रष्टाचार के खिलाफ है लेकिन तकनीक का इस्तेमाल मजदूरों को सिस्टम से बाहर करने के लिए नहीं होना चाहिए। राशन की दुकानों पर यह समस्या अक्सर देखी जा रही है। जूली ने कहा कि मदन राठौड़ दावा कर रहे हैं कि हर सप्ताह भुगतान होगा, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों का मनरेगा फंड रोका हुआ है और राजस्थान में भी भुगतान में भारी देरी हो रही है। जब बजट ही नहीं होगा तो साप्ताहिक भुगतान का दावा केवल एक छलावा है। टीकाराम जूली ने कहा भाजपा वही पार्टी है जिसके नेता संसद में मनरेगा को विफलता का स्मारक कहते थे। आज ये नई शर्तों और जटिल नियमों के जरिए इस योजना का दम घोंटना चाहते हैं।

# कांग्रेस की चुनाव तैयारी: डोटासरा का पंचायत राज संस्थाओं के कांग्रेस जनप्रतिनिधियों से संवाद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर (कासं)**प्रदेश में पंचायत राज चुनाव की तैयारी में कांग्रेस पार्टी युद्ध स्तर पर जुट गई है इसी क्रम में शुक्रवार को जयपुर के विधानसभा के कांस्टीट्यूशन क्लब में पंचायत राज संस्थाओं के कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधियों का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पूर्व मंत्री अशोक चांदना विधायक सीएल प्रेमी झोटवाड़ा से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी तथा प्रदेश भर से पंचायत राज संस्थाओं के कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सम्मेलन में मौजूद कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं को आगामी पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव की तैयारी के लिए जुट जाने का आवाहन किया इसके अलावा विकसित भारत की रामजी योजना वोट चोरी मामला अरावली पर्वतमाला जैसे कई बड़े मुद्दों का जिक्र करके कांग्रेस जनों से कहा कि इन सभी मामलों को लेकर कांग्रेस पार्टी राजस्थान में ही नहीं बल्कि देशभर में बड़ा आंदोलन कर रही है। इसलिए इन सभी आंदोलन को जोरदार तरीके से संपादित किया जाए डोटासरा ने पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि एकजुट होकर केंद्र की मोदी और प्रदेश की भजनलाल सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाएं उन्होंने पार्टिशनों से कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी काफी अच्छी पोजीशन में है क्योंकि पिछले 2 साल में भाजपा सरकार से प्रदेश की जनता काफी परेशान है हर मोर्चे पर भाजपा की सरकार विफल साबित हुई है प्रदेश की जनता ने भाजपा को आइना दिखाना भी शुरू कर दिया है जब पिछले दिनों अंता विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को शानदार सफलता मिली उन्होंने पार्टिशनों से कहा कि राजस्थान शानदार सफलता मिली उन्होंने पार्टी जनों से कहा कि पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने में पूरी मेहनत से कार्य करें और जो भी पार्टी के संगठन के लिए मेहनत से कार्य करेगा पार्टी उसे आगे भी अच्छा मौका देगी द्य इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए पंचायत राज संस्थाओं के कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने अपनी अपनी बातें भी कहीं द्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी जनों से कहा कि मनरेगा को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बताएं कि केंद्र की मोदी सरकार ने उनके साथ किस तरह से ना इंसाफी की है और उनके रोजगार के कानूनी अधिकार को छीना है उन्होंने कहा कि यह बहुत ही अच्छा अवसर है ।

## कहानी

# हाथी और चतुर खरगोश

एक वन में 'चतुर्दन्त' नाम का महाकाय हाथी रहता था। वह अपने हाथीदल का मुखिया था। बरसों तक सूखा पड़ने के कारण वहा के सब झील, तलैया, ताल सूख गये, और वृक्ष मुरझा गए। सब हाथियों ने मिलकर अपने गजराज चतुर्दन्त को कहा कि हमारे बच्चे भूख-प्यास से मर गए, जो शेष हैं मरने वाले हैं। इसलिये जल्दी ही किसी बड़े तालाब की खोज की जाय।

बहुत देर सोचने के बाद चतुर्दन्त ने कहा---- 'मुझे एक तालाब याद आया है। वह पातालगङ्गा के जल से सदा भरा रहता है। चलो, वहीं चलें।' पाँच रात की लम्बी यात्रा के बाद सब हाथी वहाँ पहुँचे। तालाब में पानी था। दिन भर पानी में खेलने के बाद हाथियों का दल शाम को बाहर निकला। तालाब के चारों ओर खरगोशों के अनगिनत बिल थे। उन बिलों से जमीन पोली हो गई थी। हाथियों के पैरों से वे सब बिल टूट-फूट गए। बहुत से खरगोश भी हाथियों के पैरों से कुचले गये। किसी की गर्दन टूट गई, किसी का पैर टूट गया। बहुत से मर भी गये।

हाथियों के वापस चले जाने के बाद उन बिलों में रहने वाले क्षत-विक्षत, लहू-लुहान खरगोशों ने मिल कर एक बैठक की। उस में स्वर्गवासी खरगोशों की स्मृति में दुःख प्रगट किया गया तथा भविष्य के संकट का उपाय सोचा गया। उन्होंने सोचा----आस-पास अन्यत्र कहीं जल न होने के कारण ये हाथी अब हर रोज इसी तालाब में आया करेंगे और उनके बिलों को अपने पैरों से रौंदा करेंगे। इस प्रकार दो चार दिनों में ही सब खरगोशों का वंशनाश हो जायगा। हाथी का स्पर्श ही इतना भयङ्कर है जितना साँप का सूँघना, राजा का हँसना और मानिनी का मान।

इस संकट से बचाने का उपाय सोचते-सोचते एक ने सुझाव रखा---- 'हमें अब इस स्थान को छोड़ कर अन्य देश में चले जाना चाहिए। यह परित्याग ही सर्वश्रेष्ठ नीति है। एक का परित्याग परिवार के लिये, परिवार का गाँव के लिये, गाँव का शहर के लिये और सम्पूर्ण पृथ्वी का परित्याग अपनी रक्षा के लिए करना पड़े तो भी कर देना चाहिये।'

किन्तु, दूसरे खरगोशों ने कहा---- 'हम तो अपने पिता-पितामह की भूमि को न छोड़ेंगे।'

कुछ ने उपाय सुझाया कि खरगोशों की ओर से एक चतुर दूत हाथियों के दलपति के पास भेजा जाय। वह उससे यह कहे कि चन्द्रमा में जो खरगोश बैठा है उसने हाथियों को इस तालाब में आने से मना किया है। संभव है चन्द्रमास्थित खरगोश की बात को वह मान जाय।'

बहुत विचार के बाद लम्बकर्ण नाम के खरगोश को दूत बना कर हाथियों के पास भेजा गया। लम्बकर्ण भी तालाब के रास्ते में एक ऊँचे टीले पर बैठ गया; और जब हाथियों का झुण्ड वहाँ आया तो वह बोला---- 'यह तालाब चाँद का अपना तालाब है। यह मत आया करो।'

गजराज---- 'तू कौन है?'

लम्बकर्ण---- 'मैं चाँद में रहने वाला खरगोश हूँ। भगवान् चन्द्र ने मुझे तुम्हारे पास यह कहने के लिये भेजा है कि इस तालाब में तुम मत आया करो।'

गजराज ने कहा---- 'जिस भगवान् चन्द्र का तुम सन्देश लाए हो वह इस समय कहाँ है?' लम्बकर्ण--- 'इस समय वह तालाब में हैं। कल तुम ने खरगोशों के बिलों का नाश कर दिया था। आज वे खरगोशों की विनति सुनकर यहाँ आये हैं। उन्हीं ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है।

# देश के प्रति अपना दायित्व समझें राजनीतिक दल

*इसी आलाकमान संस्कृति ने पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र नष्ट और कार्यसंस्कृति को दूषित कर दिया, जिससे लोहिया, जयप्रकाश नारायण, आचार्य कृपलानी द्वारा एक समय कांग्रेस छोड़ने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह मोरारजी देसाई, चौधरी चरणसिंह, चंद्रशेखर, जगजीवन राम, शरद पवार, ममता बनर्जी से होते हुए गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं तक चला और चल रहा है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि गांधी परिवार में ऐसी कौन सी अदृश्य शक्ति है कि कांग्रेस उसके नियंत्रण से बाहर नहीं निकल पाती? कमोबेश कांग्रेस सरीखी स्थिति ही उत्तर प्रदेश में मायावती की बसपा, अखिलेश की सपा, बिहार में लालू के राजद, आंध्र में जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर-कांग्रेस, तमिलनाडु में एमके स्टालिन की द्रमुक, बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस आदि की है। बसपा कभी राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पार्टी थी, आज मायावती की कार्यसंस्कृति से वह अप्रासंगिक हो रही है। अखिलेश द्वारा जातिवादी अस्मिता की राजनीति करने तथा समाजवादी विचारधारा और समावेशी राजनीति न समझने से सपा कभी कांग्रेस, कभी बसपा तो कभी छोटे एवं सीमांत दलों से गठबंधन करती रही है।*

*बिहार में राजद सरकार की आपराधिक कार्यसंस्कृति पार्टी नेता तेजस्वी यादव के गले की हड्डी बन गई है। जगन ने आंध्र में अपनी पार्टी-संगठन को*



आज देश जटिल वैश्विक परिस्थिति में खड़ा है। तमाम आकांक्षाओं के बीच आसपड़ोस का घटनाक्रम भी कोई शुभ संकेत नहीं है। यह केवल सरकार और सत्तारूढ़ दल की नहीं, सभी राजनीतिक दलों की साझा चुनौती है। जिस प्रकार अंगुलियां छोटी-बड़ी होती हैं, परंतु शक्तिशाली मुट्ठी बनाने में सबका योगदान है, उसी प्रकार पार्टियां छोटी-बड़ी होती हैं, मगर शक्तिशाली और विकसित भारत बनाने में सभी का योगदान होगा।

देश के समक्ष तमाम चुनौतियों से निपटने में सत्तारूढ़ दल की जिम्मेदारी है कि वह विपक्षी दलों को विश्वास में ले और उनसे नियमित संवाद करे। प्रधानमंत्री मोदी ने आपरेशन सिंदूर को लेकर जिस प्रकार सभी दलों को विश्वास में लिया, वह प्रशंसनीय था। इससे प्रधानमंत्री और भारतीय लोकतंत्र दोनों का कद बढ़ा। विपक्षी दलों को भी लगा कि राष्ट्रीय संकट निवारण में उनकी भूमिका है। प्रधानमंत्री का संकल्प 'सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-प्रयास और सबका-विश्वास' केवल चुनावों में ही नहीं, वरन नीति-निर्माण, गंभीर-निर्णयन और राष्ट्रीय-संकट से निपटने में भी दिखाई देना चाहिए।

कांग्रेस देश में सबसे महत्वपूर्ण विपक्षी पार्टी है। वह लंबे समय तक सत्ता में रही। उसे पता होगा कि सरकार की क्या-क्या कठिनाइयां होती हैं और विपक्ष से उसकी क्या अपेक्षाएं होती हैं? कभी देश की राजनीतिक व्यवस्था को 'कांग्रेस सिस्टम' कहा जाता था, लेकिन आज देश 'भाजपा सिस्टम' की ओर बढ़ चला है। यदि कांग्रेस को भारतीय राजनीति में प्रासंगिक बने रहना है तो उसे अपने नेतृत्व, विचारधारा, संगठन और कार्यसंस्कृति का 'गियर' बदलना पड़ेगा। सबसे पहले कांग्रेस को 'गांधी-नेहरू सिंड्रोम' से बाहर निकलना पड़ेगा।

कांग्रेस को क्यों लगता है कि बिना 'गांधी' के उसकी नैया डूब जाएगी? मनमोहन सरकार के ऊपर क्यों 'एक गांधी' की जरूरत थी? मल्लिकार्जुन खरगे के कांग्रेस अध्यक्ष होने के बावजूद उन्हें 'गांधी आलाकमान' की क्यों जरूरत है? कांग्रेस में अनेक नेता नेतृत्व के योग्य हैं, परंतु आजादी के सात दशक बीत जाने पर भी पार्टी क्यों गांधी पर निर्भर रहना चाहती है? 'गांधी' एक उपनाम है जो महात्मा गांधी ने इंदिरा गांधी के पति फिरोज को दिया था। 'गांधी' उपनाम न तो मजहब बदल सकता है, न कोई जाति दे सकता है।

आज विचारधारा के स्तर पर भी कांग्रेस दिशाहीन हो गई है। जिस पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया हो, क्यों आज उसके नेता विदेश जाकर भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं? अधिकांश विपक्षी नेता सार्थक, तर्कपूर्ण एवं रचनात्मक आलोचना की जगह आरोप, आक्षेप, कटाक्ष और अमर्यादित आचरण से अपनी और अपनी पार्टियों की छवि ही धूमिल करते हैं।

संगठन के स्तर पर भी कांग्रेस बहुत लचर स्थिति में है। जिन राज्यों में कांग्रेस की राजनीतिक जमीन बची भी है, वहां संगठन की वजह से नहीं, वरन गैर-कांग्रेस दल से जनता की नाराजगी के कारण बची है। कांग्रेस में सामान्य कार्यकर्ता की मेहनत का कोई अर्थ नहीं, क्योंकि प्रत्येक निर्णय आलाकमान या प्रथम परिवार से निर्धारित होता है। तब कार्यकर्ता मेहनत करे क्यों? इसका ही परिणाम है कि कांग्रेस संगठन केवल कागजों में ही है।

इसी आलाकमान संस्कृति ने पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र नष्ट और कार्यसंस्कृति को दूषित कर दिया, जिससे लोहिया, जयप्रकाश नारायण, आचार्य कृपलानी द्वारा एक समय कांग्रेस छोड़ने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह मोरारजी देसाई, चौधरी चरणसिंह, चंद्रशेखर, जगजीवन राम, शरद पवार, ममता बनर्जी से होते हुए गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं तक चला और चल रहा है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि गांधी परिवार में ऐसी कौन सी अदृश्य शक्ति है कि कांग्रेस उसके नियंत्रण से बाहर नहीं निकल पाती? कमोबेश कांग्रेस सरीखी स्थिति ही उत्तर प्रदेश में मायावती की बसपा, अखिलेश की सपा, बिहार में लालू के राजद, आंध्र में जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर-कांग्रेस, तमिलनाडु में एमके स्टालिन की द्रमुक, बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस आदि की है। बसपा कभी राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पार्टी थी, आज मायावती की कार्यसंस्कृति से वह अप्रासंगिक हो रही है। अखिलेश द्वारा जातिवादी अस्मिता की राजनीति करने तथा समाजवादी विचारधारा और समावेशी राजनीति न समझने से सपा कभी कांग्रेस, कभी बसपा तो कभी छोटे एवं सीमांत दलों से गठबंधन करती रही है।

बिहार में राजद सरकार की आपराधिक कार्यसंस्कृति पार्टी नेता तेजस्वी यादव के गले की हड्डी बन गई है। जगन ने आंध्र में अपनी पार्टी-संगठन को दरकिनार कर वैयक्तिक-संगठनात्मक व्यवस्था बनाई और स्वयं को एक फरिश्ते के रूप में प्रोजेक्ट किया, जिसका दुष्परिणाम सामने है। तमिलनाडु में जब मुख्यमंत्री स्टालिन तमिल अस्मिता और हिंदी विरोध की राजनीति कर रहे हैं, तब प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में काशी-तमिल संगमम द्वारा उत्तर-दक्षिण को एकता के सूत्र में पिरो रहे हैं। ममता बनर्जी जिस तरह बंगाली अस्मिता की आड़ में बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को संरक्षण दे रही हैं, वह उन्हें सत्ता सुख तो दे सकता है, पर यह बंगाल और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है।

राजनीतिक दलों को समझना होगा कि लोकतांत्रिक राजनीति और संघीय व्यवस्था का आनंद वे तभी तक उठा सकते हैं, जब तक देश की संप्रभुता, सुरक्षा और संपन्नता अक्षुण्ण है। देश में केंद्र, राज्यों और तमाम स्थानीय सरकारें इन्हीं दलों को चलानी हैं।

## सम्पादकीय

# डिजिटल अफवाहें और पत्थरबाज़ी का नया 'ट्रेंड'



अगर कोई व्यक्ति या समूह किसी बात से सहमत नहीं है, तो वह अपना विरोध प्रकट कर सकता है। मगर इसका तरीका कानून के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण और अहिंसक होना चाहिए। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी है, लेकिन यह अधिकार कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की अनुमति नहीं देता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान इलाके में एक धार्मिक स्थल के निकट बुधवार तड़के अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पथराव की घटना गंभीर चिंता पैदा करती है, जिसमें पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। सवाल है कि विरोध प्रदर्शन हिंसक कैसे हो गया? क्या वजह रही कि लोगों ने पुलिस कार्रवाई को रोकने के लिए ईंट-पत्थरों का सहारा लिया? दरअसल, सोशल मीडिया पर फैलाई गई अफवाहों ने इस घटना को हिंसक रूप दे दिया, जिसमें दावा किया गया कि अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान एक धार्मिक स्थल को ध्वस्त किया जा रहा है। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और पुलिस बल पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देख भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस को भी हल्का बल प्रयोग और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। गौरतलब है कि पत्थरबाजी की घटनाएं पहले कश्मीर में आए दिन देखी जाती थी। कई बार तो आतंकियों को बचाने के लिए भी सुरक्षाबलों पर पथराव किया जाता था। यहां तक कि मुठभेड़ के दौरान भी सुरक्षा कर्मियों को रोकने के लिए पत्थरबाजी को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाता था। हालांकि, सरकार और प्रशासन की सख्ती से हाल के वर्षों में घाटी में इस तरह की घटनाएं काफी कम हो गई हैं। मगर, विरोध प्रदर्शन के नाम पर इसी तरह के कृत्य अब दूसरे राज्यों में भी देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा का प्रकरण भी काफी चर्चा में रहा है, जिसमें पुलिस बल पर जमकर पथराव किया गया था। अब दिल्ली में इसी तरह की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर भी नए सिरे से बहस जोर पकड़ने लगी है। यह अक्सर देखा गया है कि इस तरह के मामलों में लोगों को एक जगह एकत्रित करने और उन्हें हिंसा के लिए उकसाने में सोशल मीडिया पर अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं का सहारा लिया जाता है। पुलिस के मुताबिक, अदालत ने रामलीला मैदान इलाके में एक धार्मिक स्थल के निकट स्थित औषधालय सहित कुछ व्यावसायिक ढांचों को अतिक्रमण घोषित किया था और इसे हटाने के लिए दिल्ली नगर निगम के कर्मी पुलिस बल के साथ मौके पर गए थे। इसी बीच, सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैला दी गई कि इलाके में स्थित धार्मिक स्थल को ध्वस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। सवाल है कि जब अदालत ने इन व्यावसायिक ढांचों को अतिक्रमण करार दिया था, तो लोग बिना सोचे-समझे इतने आक्रामक कैसे हो गए? जबकि जिस धार्मिक संरचना को गिराने की अफवाह फैलाई गई, वह पुलिस कार्रवाई का हिस्सा थी ही नहीं। पुलिस अब इस बात की जांच भी कर रही है कि पथराव की यह घटना अचानक हुई या फिर किसी पूर्व नियोजित साजिश के तहत इसे अंजाम दिया गया।

# बंगाल का बदलता राजनीतिक माहौल

*बंगाल में 2021 के मुकाबले आज राजनीतिक माहौल काफी बदल चुका है। पड़ोसी देश बांग्लादेश की घटनाओं का प्रभाव पूरे देश पर पड़ा है। सीमावर्ती राज्य होने के कारण बंगाल पर असर और अधिक है। बंगाल में लगभग 30 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता तथा भाजपा-विरोधी वामपंथी सोच रखने वाले मतदाताओं का बड़ा वर्ग तृणमूल कांग्रेस की शक्ति रहा है। सामान्यतः माना जाता है कि या तो मुस्लिम मतों में गहरा विभाजन हो या हिंदू मतों का व्यापक ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में हो, तभी वहां सत्ता परिवर्तन संभव है। सरकार के विरुद्ध आक्रामक रुख अपनाने वाली तृणमूल बांग्लादेश में विशेषकर हिंदुओं के विरुद्ध हुई हिंसा पर न तो तीखे बयान दे रही है और न ही कोई बड़ा विरोध-प्रदर्शन कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में बंगाल के बाहर पकड़े गए घुसपैठियों के पास 24 परगना क्षेत्र के आधार कार्ड और मतदाता*

पश्चिम बंगाल का राजनीतिक तापमान चरम बिंदु पर पहुंचता दिख रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता स्थित राजनीतिक परामर्श से जुड़ी फर्म आइपैक के दफ्तर में मनी लांड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापे को मुद्दा बनाकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। ममता का कहना है कि भाजपा ईडी के जरिये तृणमूल कांग्रेस के आइटी प्रमुख के घर पर छापा डालकर पार्टी का आंतरिक डाटा जब्त करने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में हाल में गृहमंत्री अमित शाह का तीन दिवसीय बंगाल दौरा भाजपा के लिए चुनावी दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

उन्होंने पत्रकार वार्ता के माध्यम से पार्टी के मुद्दे स्पष्ट किए, सांसदों, विधायकों और प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की तथा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी की तरह बंगाल में भी सरकार बनाने का संदेश देते हुए कहा कि भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और घुसपैठ की राजनीति के स्थान पर विकास, विरासत और गरीब कल्याण की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प बंगाल की जनता में दिखाई देता है। कांग्रेस की शुरुआत बंगाल से हुई थी, लेकिन आज वहां वह शून्य पर है और 34 वर्षों तक शासन करने वाला वाममोर्चा भी पिछले विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सका। इसके विपरीत भाजपा 41 प्रतिशत मतों और 77 सीटों के साथ मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भले ही 2019 की तुलना में भाजपा की सीटें घटी हों, लेकिन 39 प्रतिशत मत और 12 सीटें यह दर्शाती हैं कि तृणमूल कांग्रेस के समानांतर उसका एक ठोस जनाधार विकसित हो चुका है। ऐसे में यदि भाजपा इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने का दावा कर रही है तो उसे केवल अतिशयोक्ति कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। हालांकि 2021 में भी भाजपा इसी तरह आत्मविश्वास के साथ चुनाव लड़ी, लेकिन तृणमूल कांग्रेस से काफी पीछे रह गई थी।




बंगाल में 2021 के मुकाबले आज राजनीतिक माहौल काफी बदल चुका है। पड़ोसी देश बांग्लादेश की घटनाओं का प्रभाव पूरे देश पर पड़ा है। सीमावर्ती राज्य होने के कारण बंगाल पर असर और अधिक है। बंगाल में लगभग 30 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता तथा भाजपा-विरोधी वामपंथी सोच रखने वाले मतदाताओं का बड़ा वर्ग तृणमूल कांग्रेस की शक्ति रहा है। सामान्यत: माना जाता है कि या तो मुस्लिम मतों में गहरा विभाजन हो या हिंदू मतों का व्यापक ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में हो, तभी वहां सत्ता परिवर्तन संभव है। सरकार के विरुद्ध आक्रामक रुख अपनाने वाली तृणमूल बांग्लादेश में विशेषकर हिंदुओं के विरुद्ध हुई हिंसा पर न तो तीखे बयान दे रही है और न ही कोई बड़ा विरोध-प्रदर्शन कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में बंगाल के बाहर पकड़े गए घुसपैठियों के पास 24 परगना क्षेत्र के आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र मिलने से प्रमाणित हुआ है कि वाममोर्चा और फिर ममता सरकार के दौरान बांग्लादेश से घुसपैठ हुई है।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के दौरान भी कई घुसपैठिये यह कहते पाए गए कि वे लंबे समय से यहां रह रहे हैं और उनके पास पहचान पत्र हैं। उन्होंने मतदान करने की बात भी स्वीकार की। यह स्थिति 2021 में नहीं थी। इसके बावजूद ममता बनर्जी का इस तथ्य से इन्कार करना और गृह मंत्री अमित शाह से यह प्रश्न करना कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला क्या आपने करवाया, केवल भाजपा के कट्टर विरोधियों को ही स्वीकार्य हो सकता है। सब जानते हैं कि जम्मू-कश्मीर की स्थिति पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से जुड़ी है और पहलगाम हमला उसी का हिस्सा था।

# खतरे में विश्व व्यवस्था, बेलगाम होते ट्रंप

वेनेजुएला पर हमला करने और डेनमार्क के स्वायत्तशासी क्षेत्र ग्रीनलैंड पर बलपूर्वक कब्जा करने की धमकी देने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अधिक बेलगाम हो गए हैं। अब उन्होंने एक ऐसे विधेयक को सहमति प्रदान की, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका 500 प्रतिशत टैरिफ थोपेगा। चूंकि रूस से तेल खरीदने वाले प्रमुख देश चीन, भारत और ब्राजील हैं, इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि वे इस मनमानी मान्यता से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं कि रूस से तेल खरीदने वाले देश ही उसे यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में सहायक हैं। ट्रंप ने भारत पर पहले से ही 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। इसमें और अधिक वृद्धि का मतलब है आर्थिक प्रतिबंध लगाना। ट्रंप किस तरह मनमानी पर उतर आए हैं, इसका एक प्रमाण




उनकी ओर से 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को अलग करना भी है। इनमें भारत के नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय सौर सहयोग संगठन भी है। अमेरिका ने जिन संगठनों से खुद को अलग करने की घोषणा की है, उनमें करीब 30 संयुक्त राष्ट्र के हैं। ट्रंप इसके पहले भी अनेक महत्वपूर्ण वैश्विक संस्थानों से अमेरिका को अलग कर चुके हैं। अब उन्होंने जिस तरह थोक में कई संगठनों से बाहर आने का फैसला किया, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि वे विश्व व्यवस्था को पूरी तौर पर छिन्न-भिन्न करना चाहते हैं। ट्रंप अपने मनमानेपन से दुनिया को शीत युद्ध के दौर में ही नहीं, बल्कि उसके पहले के उस कालखंड में ले जा रहे हैं, जब विश्व व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं थी। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि दुनिया उनकी धमकियों और सनक भरे फैसलों के समक्ष झुक जाएगी तो ऐसा होने वाला नहीं है। ध्यान रहे कि अब यूरोप भी उनके खिलाफ आवाज उठाने को बाध्य है। ट्रंप कितना ही गर्जन-तर्जन करें, आज अमेरिका की वैसी हैसियत नहीं, जैसी दो-तीन दशक पहले हुआ करती थी। अब डालर का वर्चस्व भी कम हो रहा है। ट्रंप को यह आभास होना चाहिए कि वे तमाम जोर लगाने के बावजूद यूक्रेन पर रूस के हमले रोक पाने में नाकाम हैं। चीन और ब्राजील पर भी उनका जोर नहीं चल पा रहा है और भारत का भी यही स्पष्ट संदेश है कि वह उनके दबाव में झुकने वाला नहीं। इसी कारण ट्रंप की भारत के प्रति बौखलाहट बढ़ती जा रही है। आने वाले दिनों में भारत-अमेरिका संबंध और अधिक खराब हो सकते हैं। भारत को अब यह और अच्छे से स्पष्ट करना होगा कि वह ट्रंप की मनमानी सहन करने वाला नहीं।

उसे अमेरिका को यह संदेश देने के साथ ही यह भी देखना होगा कि विश्व के प्रमुख राष्ट्रों से मिलकर कैसे ट्रंप की दादागीरी का सामना किया जाए, क्योंकि अब इसके अलावा और कोई उपाय नहीं रह गया है।

## सड़क हादसाः कार पलटने से दो युवक घायल

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** नावा के समीप आबास ग्राम के पास शुक्रवार को एक अनियंत्रित कार पलट जाने से दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार चलती कार में अचानक तकनीकी खामी आने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क किनारे पलटते हुए खाई के पास खेत की मेड पर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्काल हादसे की सूचना आपातकालीन सेवा 108 को दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए नावा के उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सालय में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर श्रवण नायक की ओर से दोनों युवकों की जांच की गई। चिकित्सकों के अनुसार दोनों युवकों को गंभीर चोट नहीं आई है, उन्हें केवल मामूली चोटें लगी है। उपचार के बाद डॉक्टरों ने आवश्यक दवाइयां देकर दोनों युवकों को छुट्टी दे दी। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उन्होंने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि कार में सवार युवक सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की जान-माल की बड़ी हानि नहीं हुई।

## मांसपेशीय दुर्विकास से पीड़ित विशेष योग्यजनों को मिलेगी निःशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर

### अंतिम तिथि 15 जनवरी तक करना होगा आवेदन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ जितेंद्र कुमार सेठी ने बताया कि जयपुर जिले में मांसपेशीय दुर्विकास से पीड़ित विशेष योग्यजनों को गतिशीलता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के अंतर्गत जिले के आवासीय ऐसे दिव्यांगजन जिनके पास पीला (40 से 79 प्रतिशत) अथवा नीला (80 प्रतिशत या उससे अधिक) श्रेणी का यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध है, वे पात्र होंगे। इसके लिए 15 जनवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर हेतु आवेदन पत्र सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के जिला व ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि भरे हुए आवेदन पत्र के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, पेंशन पीपीओ (यदि लागू हो) तथा नवीन फोटो की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न कर संबंधित कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कराई जा सकती हैं।

## विराटनगर में प्रतिभा सम्मान समारोह कल, बनेगा प्रेरणा और परंपरा का संगम

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** प्रजापति जागृति सेवा समिति विराटनगर केतत्वाधान में समाज में शिक्षा, प्रतिभा और सेवा भावना को नई दिशा देने के उद्देश्य से 11 जनवरी को विराटनगर में आयोजित होने जा रहा भामाशाह सम्मान समारोह एवं विराट टैलेंट सर्च एग्जाम-2025 का प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा एक दूरगामी प्रयास है। इस आयोजन के माध्यम से समाज की उन प्रतिभाओं को पहचान देने का कार्य किया जाएगा, जो सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। समिति के अध्यक्ष उपवेध हजारीलाल प्रजापत ने बताया कि विराट टैलेंट सर्च एग्जाम-2025 में भाग लेने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं में से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में विशेष पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र व सार्वजनिक सम्मान प्रदान किया जाएगा।विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के मंच विद्यार्थियों के भीतर प्रतिस्पर्धात्मक सोच, आत्मविश्वास और उच्च लक्ष्य तय करने की प्रेरणा विकसित करते हैं। कार्यक्रम में समाज के उन भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने शिक्षा, सामाजिक सहयोग, आर्थिक सहायता और संगठन निर्माण के क्षेत्र में निस्वार्थ योगदान दिया है।

## रतननगर में धातु निर्मित मांझा जप्त कर नष्ट किया

जयपुर टाइम्स



**रतननगर(निस)।** चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार रतननगर नगर पालिका संजू खोड़ की ओर से गठित टीम ने रतननगर के मुख्य बाजारों में मांझा विक्रेताओं के यहां कार्रवाई करते हुए चाइनीज, धातु निर्मित मांझा की चरखियां व रोल जप्त कर उन्हें जलाकर नष्ट किया गया। अधिशाषी अधिकारी संजू खोड़ ने बताया कि जिले भर में धातु निर्मित व प्रतिबंधित मांझे की बिक्री व भण्डारण पर प्रतिबंध लगा हुआ है। जो भी व्यापारी इसका उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार 14 जनवरी मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी में घायल पक्षियों को संरक्षण एंव चिकित्सा प्रदान करने के लिए रतननगर नगर पालिका क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक आवश्यकतानुसार चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। जो कि रतननगर में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा। यदि किसी भी नागरिक के पास किसी पक्षी के घायल होने आदि की सूचना मिले तो वह इस चिकित्सा शिविर में सूचना दे सकते हैं।

## रिलायंस जियो ने मनाया 37 वां रोड सेफ्टी मंथ, कर्मचारियों को दी रोड सेफ्टी की जानकारी

**जयपुर टाइम्स/सरदारशहर(निस)।** शहर के सरस डेयरी के पास शुक्रवार को रिलायंस जियो की ओर से 37 वें रोड सेफ्टी मंथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर अधिकारियों ने सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं पर प्रभावी रूप से नियंत्रण पाया जा सकता है। कार्यक्रम में जियो कंपनी के राजीव शर्मा, वरुण सिंगला, पवन योगी, गौरांग, विक्रम सिंह, सुरेश प्रजापत, जयसिंह, मोहित, मुकेश सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जगन फाउंडेशन की ओर से जेंडर सेंसिटिव सिटिजनशिप पर पायलट कार्यक्रम शुरू

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** जगन फ़ाउंडेशन और द आज़ादी प्रोजेक्ट ने राजस्थान के विद्यालयों में जेंडर सेंसिटिव सिटिज़नशिप पर पायलट कार्यक्रम शुरू किया। यह कार्यक्रम युवाओं को 'जेंडर लीडर' बनाने का लक्ष्य रखता है, ताकि वे लैंगिक भेदभाव को पहचानने और उसका सामना करने की क्षमता विकसित कर सकें जगन फ़ाउंडेशन ने, द आज़ादी प्रोजेक्ट के सहयोग से, धौलपुर के दो विद्यालयों में जेंडर सेंसिटिव सिटिज़नशिप शीर्षक से एक पायलट कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है। यह पहल गहराई से जड़ जमाए हुए लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती देने और संरचित सेंसिटाइज़ेशन तथा नेतृत्व कार्यशालाओं के माध्यम से किशोरों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखती है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम की ओर से जारी 2025 ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स के अनुसार, भारत 146 देशों में से 131वें स्थान पर है, जो सामाजिक एवं शैक्षिक संस्थानों में लगातार बनी हुई लैंगिक असमानताओं को उजागर करता है। इसके जवाब में, त्रस्ष्ट कार्यक्रम 8-16 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों पर केंद्रित है, जो वह अहम दौर है जब जेंडर भूमिकाओं और समानता के बारे में धारणाएँ बनना शुरू होती हैं। जगन फ़ाउंडेशन के संस्थापक दुश्यंत शर्मा ने कहा कि 'जेंडर-सेंसिटिव नागरिक बनाने की शुरुआत प्रारंभिक उम्र में संवाद और जागरूकता से होती है। यह कार्यक्रम युवाओं को अपने समुदायों के भीतर समानता के चैम्पियन बनने में सक्षम बनाता है। सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुहरी के प्राचार्य अम्बरीश चौधरी ने कहा कि हम धौलपुर में इस जेंडर सेंसिटिव सिटिज़नशिप कार्यक्रम को जगन फ़ाउंडेशन और द आज़ादी प्रोजेक्ट के साथ मिलकर शुरू करने वाले मॉडल स्कूल बनने पर खुशी महसूस करते हैं। आज के उद्घाटन सत्र में हमने विद्यार्थियों में बहुत सकारात्मक ऊर्जा और आशा देखी है। जनवरी 2026 से शुरू हो रहे इस 12-सप्ताही पायलट में जेंडर संबंधी रूढ़िवादी धारणाओं, समानता और समावेशन पर इंटरैक्टिव वर्कशॉप, रोल-प्ले सेशन और चिंतनशील चर्चाएँ शामिल होंगी। सत्र धौलपुर के एक उच्च माध्यमिक विद्यालय और एक माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किए जाएँगे। ट्रेन-द-ट्रेन्?र्स मॉडल पर आधारित यह कार्यक्रम प्रतिभागी विद्यार्थियों और युवा नेतृत्व को इस प्रकार तैयार करेगा कि वे अपने विद्यालयों और समुदायों में आगे चलकर सहपाठी-नेतृत्व वाले वर्कशॉप और संवाद चला सकें, जिससे कार्यक्रम की स्थिरता और स्थानीय स्वामित्व सुनिश्चित हो सके। सहयोग पर टिप्पणी करते हुए, द आज़ादी प्रोजेक्ट की संस्थापक और एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर प्रियाली सुर ने कहा कि ऐसी साझेदारियाँ हमें क्षेत्रीय समुदायों के युवा स्वरों तक पहुँचने और जमीनी स्तर से जेंडर-सचेत नेतृत्व को बढ़ावा देने में मदद करती हैं। यह कार्यक्रम लिब्रा फ़िलान्थ्रॉपीज़ के सहयोग से संचालित हो रहा है। पायलट चरण के बाद, जेंडर सेंसिटिव सिटिज़नशिप कार्यक्रम को राजस्थान के विद्यालयों में दो वर्ष की विस्तृत पहल के रूप में विस्तार दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य ऐसे सुरक्षित और समावेशी शैक्षिक वातावरण बनाना है जहाँ लड़के और लड़कियाँ समान नागरिकों की तरह सीख सकें, सवाल पूछ सकें और आगे बढ़ सकें।

## ना पुलिया, ना चेतावनीः फुलेरा जंक्शन पर रेलवे की लापरवाही से कटे युवक के दोनों पैर

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** फुलेरा जंक्शन पर एक बार फिर रेलवे प्रशासन की लापरवाही ने इंसानी ज़िंदगी को कुचल दिया। नागौर जिले की जायल तहसील के रोहिणा निवासी चिरंजीत सिंह (पुत्र राम सिंह) प्लेटफॉर्म बदलते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि युवक के दोनों पैरों के पंजे कट गए। स्टेशन परिसर में चीख-पुकार मच गई और यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल युवक को तुरंत एम्बुलेंस से फुलेरा उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जयपुर रेफर कर दिया गया। हर हादसे के बाद एम्बुलेंस तो दौड़ती है, लेकिन सवाल यह है कि हादसे रोकने की जिम्मेदारी कब दौड़ेगी? यह कोई पहली घटना नहीं है। फुलेरा जंक्शन पर पहले भी कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं, लेकिन रेलवे प्रशासन आज भी कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। यात्रियों की सुविधा के नाम पर बनाया गया ऊंचा और अव्यवहारिक फुटओवर ब्रिज बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगजनों के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। मजबूरी में यात्री रेल लाइन पार करते हैं और हर बार मौत से आंख-मिचौली खेलते हैं। विडंबना यह है कि अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य और नई पुलिया का काम वर्षों से अधूरा पड़ा है। काम की रफ्तार इतनी सुस्त है मानो यह पुलिया जमीन पर नहीं, बल्कि फाइलों में बन रही हो। प्लेटफॉर्म बदलने की स्पष्ट सूचना व्यवस्था भी नदारद है, जिससे यात्री भ्रमित होकर जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं। हादसे के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या रेलवे किसी बड़े जन आंदोलन या और लाशों का इंतजार कर रहा है? मांग की जा रही है कि पुलिया निर्माण कार्य तत्काल पूरा किया जाए, प्लेटफॉर्म परिवर्तन की सूचना प्रणाली दुरुस्त हो और स्टेशन पर अतिरिक्त सुरक्षा स्टाफ व चेतावनी संकेत लगाए जाएं। राजकीय रेलवे पुलिस के थाना अधिकारी ओमप्रकाश के अनुसार युवक के दोनों पैरों के पंजे कट गए हैं और मामले की जांच की जा रही है। लेकिन अब सवाल जांच का नहीं, जिम्मेदारी तय करने का है—क्योंकि फुलेरा जंक्शन पर हो रहे ये हादसे महज़ संयोग नहीं, बल्कि प्रशासनिक शिथिलता का सीधा और खौफनाक परिणाम हैं।

## रेनवाल मांजी में 40 बीघा में बसाई जा रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त

### राधिका विहार' पर चला जेडीए का पीला पंजा

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** अवैध अतिक्रमण करने वालों की अब खैर नहीं है। जेडीए ने अब ऐसे प्रकरणों में कार्रवाई तेज कर दी है। डिग्गी रोड़ स्थित रेनवाल मांजी टोल प्लाजा के पास अवैध कॉलोनाइजेशन के खिलाफ जयपुर विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। करीब 40 बीघा भूमि में अवैध रूप से सृजित कॉलोनी पर जेडीए का पीला पंजा गरजा, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। यह कार्रवाई जेडीए आईजी राहुल कोटोकी के निर्देशन और एएसपी शिल्पा चौधरी के नेतृत्व में की गई। सुबह-सुबह भारी पुलिस जाब्ते और जेडीए के अमले के साथ मौके पर पहुंचे दस्ते ने अवैध कॉलोनी में बनाई गई सड़कें, प्लॉटिंग, बाउंड्री और अस्थायी निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। जेडीए अधिकारियों के अनुसार, संबंधित भूमि पर बिना स्वीकृति और नियमों की अनदेखी कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। पूर्व में नोटिस देने के बावजूद कॉलोनी संचालकों ने निर्माण नहीं रोका, जिसके चलते यह सख्त कदम उठाया गया। कार्रवाई की खबर फैलते ही क्षेत्र में सक्रिय अन्य अवैध कॉलोनी संचालकों में अफरा-तफरी मच गई। कई जगहों पर निर्माण कार्य अचानक बंद कर दिए गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से यहां अवैध प्लॉटिंग का खेल चल रहा था, जिस पर अब जाकर प्रशासन ने शिकंजा कसा है। जेडीए ने साफ चेतावनी दी है कि अवैध कॉलोनाइजेशन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## चाइनीज मांझे को लेकर पुलिस व पालिका दस्ते ने चलाया सर्च अभियान, दुकानदारो को दिए नोटिस

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** डीडवाना जिले के नावां में लगातार चाइनीज मांझे की बिक्री को लेकर आ रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नावा एसडीएम के आदेशों की पालना में नावा पुलिस व नगरपालिका प्रसाशन के दस्ते ने शहर की पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर सर्च करते हुए चाइनीज मांझे की तलाश की गई। पुलिस हेडकोस्टेबल रामकल्याण व पालिका कनिष्ठ अभियंता नरेंद्र सारस्वत ने पतंग दुकानों पर चाइनीज मांझे के लिए तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दुकानदारों को चाइनीज मांझा नही रखने की हिदायत देते हुए नोटिस दिए गए व बताया गया कि अगर किसी के यहां चाइनीज मांझा पाया गया तो उसके ख़िलाप सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अचानक की कार्यवाही से एकबारगी दुकानदारों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दुकानदारो को बताया कि चाइनीज मांझा प्रतिबंधित है इसे रखना व बेचना दोनो ही कानून अपराध है ,इसके कारण कई राहगीरों व वाहन चालकों की जाने जा चुकी है व कई घायल हो हुए साथ ही खुल आसमान में विचरण करने वाले बेजुबान पक्षी भी इन चाइनीज प्लास्टिक मांझे की चपेट में आकर घायल हुए है व मौत के शिकार बने है। प्रसाशन की तलाशी अभियान में एक भी दुकान पर चाइनीज मांझा नही मिला लेकिन सवाल यह कि शहर में रोज चाइनीज मांझे की बिक्री हो रही है और विधुत तारो व पेड़ो पर पतंगों के साथ चाइनीज मांझा मिल रहा है जब शहर की दुकानों पर सर्च कर दौरान मांझा नही मिला तो फिर शहर में चाइनीज मांझा आ कहा से रह है ये सबसे बड़ा सवाल है और प्रसाशन की कार्यवाही पर भी सवालिया निशान खड़ा करता है।

## ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को मिला कैरियर गाइडेंस

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को करियर के प्रति जागरूक करने व उज्ज्वल भविष्य की दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रागपुरा व जोधपुरा के दो शिक्षण संस्थानों में करियर मोटिवेशनल व गाइडेंस सेमिनार आयोजित किए गए। सेमिनार में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास निर्माण, बदलते रोजगार परिदृश्य तथा आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया। दोनों कार्यक्रमों के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार व करियर मोटिवेटर जितेंद्र प्रजापत रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य के साथ ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने सर्विस सेक्टर, मैनेजमेंट, आईटी, सरकारी व निजी क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं, स्किल डेवलपमेंट और निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रागपुरा स्थित नीलकमल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में आयोजित सेमिनार के दौरान संस्था निदेशक महेंद्र कुमार व प्रधानाचार्य अशोक कुमार बड़नगर उपस्थित रहे। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोधपुर में कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य भागीरथ मल कुलदीप सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य बलवंत सिंह, गिराज प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ अध्यापिका अर्पणा अग्रवाल, हनुमान सहाय कुम्हार, नेहा पवार, नवीन कुमारी, रामकरण कुलदीप, दिग्विजय सिंह व जयसिंह चौधरी मौजूद रहे।दोनों स्थानों पर विद्यार्थियों ने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता की ओर से सरल व व्यवहारिक तरीके से समाधान किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को विशेष रूप से आत्मनिर्भर बनने व उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया। एनएसएसआरडी एनजीओ के सचिव कमल यादव ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीण प्रवेश के बच्चे निश्चित लक्ष्य की और आदर्श हो पाते हैं।सेमिनार के आयोजन में एनएसएसआरडी एनजीओ की सक्रिय भूमिका रही। एनजीओ प्रतिनिधि बलराज सिंह शेखावत मनोज यादव, रवि कुमार सेनी, हनीफ खान की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय प्रशासन ने एनजीओ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम ग्रामीण विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बाड़ी में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाईः जुआ खेलते 8 गिरफ्तार

### 28 हजार से ज्यादा नकद जब्त; आईपीएल सट्टे का फरार आरोपी भी दबोचा

जयपुर टाइम्स




**बाड़ी (धौलपुर)।** धौलपुर पुलिस ने एक ही दिन में चार बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम देते हुए जुए, ऑनलाइन सट्टे और न्यायालयी वारंट से जुड़े मामलों में आरोपियों की धरपकड़ की है। इन कार्रवाइयों में जुआ खेलते 8 लोगों को गिरफ्तार कर 28 हजार 80 रुपए नकद व जुआ उपकरण जब्त किए गए, जबकि IPL ऑनलाइन सट्टे का 8 माह से फरार आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ. कमल कुमार (आरपीएस) एवं वृत्ताधिकारी बाड़ी महेन्द्र मीना के सुपरविजन में, थानाधिकारी पुलिस थाना बाड़ी निरीक्षक देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

### एवीएम स्कूल के पास जुआ खेलते 4 गिरफ्तारः

8 जनवरी 2026 को एवीएम स्कूल के पास ताश पत्तों से हार-जीत का दांव लगाने की सूचना पर सत्यापन के बाद एएसआई वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। मौके से आकाश (29), सोनू (32), शिवराम (45) और प्रमोद (27) को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 13 हजार 580 रुपए नकद व जुआ उपकरण जब्त किए गए। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान जारी है। अनाज मंडी के पास दूसरी रेड, 4 और पकड़े गए उसी दिन अनाज मंडी क्षेत्र में जुए की सूचना पर एएसआई श्याम सुन्दर के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। यहां से माखन (35), निरोती (30), गौरव (30) और लोहरे (38) को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 14 हजार 500 रुपए नकद व जुआ सामग्री बरामद हुई। प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

### IPL ऑनलाइन सट्टे का फरार आरोपी गिरफ्तारः

धारा बीएनएस व आरपीजीओ के तहत IPL मैच में ऑनलाइन सट्टे की खाईवाली के मामले में 8 माह से फरार इमरान (31) निवासी बाड़ी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ जारी है।

### 2.25 लाख के वसूली वारंट में गिरफ्तारीः

न्यायालय एसीजेएम नंबर-01 बाड़ी की ओर से भरण-पोषण प्रकरण में जारी 2 लाख 25 हजार रुपए के वसूली वारंट की अनुपालना नहीं करने पर वारंटी मोनू (35) निवासी कोटा को कोटा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि अवैध जुआ, सट्टा और कानून की अवहेलना के मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर अस्पतालों में गर्भवती की जांच

**चूरू(निस)।** जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर निः शुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए गए। चिकित्सकों ने गर्भवती की जांच के साथ गर्भ में पल रहे शिशु तथा गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि जिले में प्रत्येक माह की 09, 18, 27 तारीख को सभी जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। चिकित्सालयों में गर्भवती की हीमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाती है। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए गए।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

**No. NIT/2025-26/33213-26 निविदा सूचना / 2025-26 Date- 09.01.2026**

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित क जाती है :

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनूमानित लागत(रू0 ) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Additional work for Road Safety & Protection work on Jaisalmer- Sam-Dhanana Road. UBN-RRC2526WSOB01096 | 60.57 Lakh | अल्पकालीन ई-622 /25-26 |
| Repair and Maintenance of Pot Holes on Chechat-Undwa Road. UBN- RRC2526WSOB01095 | 15.11 Lakh | |
| Hiring of Temp. Illumination of RHC Building including Dome Area Jodhpur. UBN-RRC2526WSOB01100 | 19.85 Lakh | अल्पकालीन ई-626/ 25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http//pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत, जयपुर**

क्रमांक :- 3404 दिनांक :-30.12.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 07/2025-26**

UBN No:- WRD2526WSOB02070 NIB Code No:- WRD2526A0600

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्य Repair and Renovation of Balaji Udiyan Talab Village Salasar PS Sujangarh District Churu जिसकी अनुमानित लागत 193.08 लाख है। वित्त विभाग के नवीन नियमों के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से 'ई- निविदा के माध्यम से ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 01.01. 2026 प्रातः 9.30 से दिनांक 12.01.2026 को 6.00 बजे तक डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। निविदा की वित्तीय बिड दिनांक 13.01.2026 को दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी ।

निविदा से संबंधित विवरण संबंधित वेबसाईट www.waterresources .rajasthan. gov. in,http//www.eproc.rajasthan.gov.in, http/sppp.rajasthan.gov.in से देखी जा सकती है।

DIPR/C/209/2026

**अधीक्षण अभियंता**
**जल संसाधन वृत, जयपुर ।**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
10 जनवरी, 2026

## भादासर में पहलवान प्रतियोगिता में विजेता का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव भादासर में नशा छोड़ो खेल अपनाओं के तहत पहलवान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा, गंगानगर, हनुमानगढ़ सहित अनेक पहलवानों ने भाग लिया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बैनर तले आयोजित पहलवान प्रतियोगिता में अनेक पहलवानों ने अपना दमखम दिखाकर प्रतियोगिता को रौचक बना दिया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राज चौधरी ने बताया कि गांव में नशा छोड़ो खेल अपनाओं की थीम पर पहलवान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिससे गांव में युवाओं में एक अच्छा संदेश दिया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अर्जुनसर के पहलवान मुकेश गोदारा ने प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने पर 5100 रुपए की राशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज चौधरी, रुघाराम जाखड़, मोहनराम जाखड़, प्रेम जाखड़, गजानंद शर्मा, मालाराम जाखड़, दीपाराम जाखड़ सहित अनेक राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ऋषिकुल आश्रम के बच्चों को गर्म टोपी व जुराब वितरित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री सप्तऋषि वेद वेदांग ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में लायन्स क्लब सरदारशहर डायमंड की ओर से बटुकों को सर्दी के बचाव के लिए गर्म उन्नी टोपी, गर्म जुराब वितरित व बच्चों के लिए रात्रि भोजन में मिठाई भेंट की गई। मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि क्लब सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष हुलासमल व्यास ने क्लब की ओर से बच्चों के लिए किए नेक कार्य पर क्लब का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन किशोर भारद्वाज, सचिव लायन सुशील भोजक, लायन अनिल गोयल, महेंद्र माली, सुभाष जांगिड़, मदन पारीक, मदनलाल बवेरवाल, दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र दाधीच ने किया।

## अनाथ आश्रम में गर्म वस्त्र वितरित किए, खाना खिलाया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर/चूरू(निस)।** डेरा सच्चा सौदा के द्वितीय गद्दीनशीन शहनशाहों के शहनशाह कुल मालिक बेपरवाह परम पिता शाह सतनाम सिंह जी महाराज के अवतार माह के उपलक्ष्य भीष्ण सर्दी को देखते हुए चूरू ब्लॉक के सेवादारों ने वर्तमान गद्दी नशीन पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा की ओर से चलाए रहे मानवता भलाई कार्यों के तहत चूरू शहर में स्थित अनाथ आश्रम में रहने वाले लोगों को गर्म वस्त्र वितरित किए और आश्रम में जाकर लोगों को खाना खिलाया। आश्रम के संचालक ने आश्रम की तरफ से पूज्य गुरूजी का धन्यवाद ज्ञापित किया। ब्लॉक प्रेमी सेवक मनोहरलाल इंसा ने बताया कि ये प्रेरणा हमें हमारे गुरु एमएसजी से मिली है जिनकी ओर से पूरे विश्व में 170 मानवता भलाई के कार्य चलाये जा रहे है जिसको सेवादार बढ़ चढ़ कर रहे है। इस मौके पर ब्लॉक के सेवादार व अनाथ आश्रम के लोग उपस्थित रहे।

## चायनीज मांझे से बचने के लिए दुपहिया वाहन चालकों को मफलर बांटे



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को एक दिवसीय मफलर बांधकर बाइक चलाओ चाइनीज मांझे से खुद को बचाओ अभियान चलाकर दुपहिया वाहन चालकों को मफलर वितरित कर चाइनीज मांझे से बचने का सन्देश दिया गया। समिति संरक्षक सदस्य एडवोकेट इब्राहीम गौरी के नेतृत्व में अभियान के तहत 110 मफलर वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्फ अदीब ने बताया कि समिति की ओर से शहर में विभिन्न जगहों पर दुपहिया वाहन चालकों को मफलर वितरित कर उनको चाइनीज मांझे से बचने के लिए जागरूक किया गया। मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने कहा कि मफलर चायनीज मांझा व ठंड से भी बचाता है। साथ ही इस मौके पर हेलमेट लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर समिति निदेशक अयूब खान, समाजसेवी हमीद खान रिसालदार, मो. सलमान खान, गुलाम हुसैन गौरी, सुलेमान मनीहार, रफीक मनीहार, यूनुस खान, इरफान खान, अबरार खान, करण सैनी, पंकज सैनी, जाकिर अली खान, यूनुस अली भाटी आदि उपस्थि थे। समिति व्यवस्थापक जाफर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# स्वामी गोपालदास की प्रेरणा से हुए कालजयी काम: त्रिभुवन

## मोहर सिंह राठौड़ (मरणोपरांत) को मिला स्वामी गोपालदास पुरस्कार 2026

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** चूरू में जन जागृति के जन्मदाता, महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, सर्वहितकारिणी सभा एवं पुत्री पाठशाला व कबीर पाठशाला जैसे प्रकल्पों के संस्थापक स्वामी गोपालदास की पुण्यतिथि पर सर्व समाज की ओर से उन्हें याद किया गया। इस दौरान स्वामी गोपालदास चौक में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए पूर्व सांसद मोहर सिंह राठौड़ (मरणोपरांत) को स्वामी गोपालदास पुरस्कार-2026 प्रदान किया गया, जो उनके परिजनों ने ग्रहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता त्रिभुवन ने कहा कि स्वामी गोपालदास की ओर से स्थापित सर्वहितकारिणी सभा के माध्यम से समाज चेतना के साथ-साथ चूरू के विकास के लिए अभूतपूर्व काम हुआ, यह अपने आप में उल्लेखनीय बात है। स्वामी गोपालदास के जीवन और उनके आदर्शों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके कदमों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। सर्वहितकारिणी सभा के माध्यम से आजादी से पहले और उसके बाद चूरू के विकास का जो काम हुआ है, वह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में मोहर सिंह राठौड़ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मोहर सिंह राठौड़ ने भामाशाहों और समाज के बीच में सेतू का कार्य किया। पूर्व सभापति रामगोपाल बहड़ ने कहा कि चूरू के विश्वसनीय और गणमान्य लोग यदि इस प्रकार की पहल करें तो प्रवासी जुड़ सकते हैं क्योंकि प्रवासियों को बस यह आष्वासन चाहिए कि उनके पैसे का समाज के हित में सदुपयोग होगा। प्रवासियों को मातृभूमि से कैसे जोड़ें, यह हमें प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता त्रिभुवन ने स्वामी गोपालदास के व्यक्तित्व व कृतित्व को प्रेरणास्पद बताया और कहा कि अच्छी बात है कि चूरू के लोग इस तरह से अपने महापुरुषों को याद करते हैं और अपने मन में इस प्रकार कृतज्ञता रखते हैं। यहां स्वामी गोपालदास ने एक तरफ स्वाधीनता आंदोलन के लिए काम किया, वहीं समाज के विशेष तबकों के लिए काम किया और पर्यावरण संरक्षण व शहर के विकास की दिशा में भी अभूतपूर्व प्रयास किए। इससे पूर्व कार्यक्रम के संयोजक दलीप सरावग ने स्वागत करते हुए कहा कि स्वामी गोपालदास ने अंतिम छोर के व्यक्ति को अपना लक्ष्य बनाकर काम किया और यह प्रयास किया कि शिक्षा और विकास का उजियारा हर बस्ती, हर व्यक्ति तक पहुंचे। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओम सारस्वत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि कहा स्वामी गोपालदास जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। हमारा यह दायित्व है कि इन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाएं। मोहन आर्य ने स्वामी गोपालदास की ओर से जनहित के लिए सर्वहितकारिणी सभा के माध्यम से किए गए कार्यों को कालजयी बताया और कहा कि स्वामी गोपालदास दूरदृष्टा महापुरुष थे। वे समय से बहुत आगे की सोच के व्यक्तित्व थे। शिक्षाविद प्रोफेसर कमल कोठारी ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ समाज के लिए बेहतर काम करने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत करना और स्वामी गोपालदास जैसे महापुरुषों को याद करना गौरव की बात है। लच्छू राम पूनियां ने मोहर सिंह राठौड़ का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए उन्हें विकास पुरुष बताया और कहा कि मोहर सिंह राठौड़ जननेता थे। उन्होंने मरदा परिवार, सारडा परिवार, सुराणा परिवार को प्रेरित कर चूरू में अनेक स्कूल खुलवाए। भरतिया परिवार को प्रेरित कर अस्पताल खुलवाया। भू दान आंदोलन में अपनी भूमि दान की। उन्होंने अपनी मेहनत व लगन से अपना एक व्यक्तित्व, एक मुकाम बनाया और समाज को लौटाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शिक्षा, चिकित्सा, भूकंप, सूखा, बाढ़ राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लिए हमेशा बेहतर किया है। पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा ने स्वामी गोपालदास की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए चूरू के चारों तरफ बीहड़ भूमि रखवाने का उल्लेख करते हुए बताया कि स्वामी गोपालदास अपने कंधों पर पानी ले जाकर पौधों को सींचते थे। स्वामी गोपालदास सच्चे गौभक्त थे। पृथ्वी सिंह राठौड़ ने सम्मान के लिए आभार प्रकट करते हुए स्वामी गोपालदास और मोहर सिंह राठौड़ के कार्यों से प्रेरणादायक बताया। विक्रम सिंह ने मोहर सिंह राठौड़ के जीवन से प्रेरणा लेकर जन सेवा कार्य करने की भावना व्यक्त करते हुए सम्मान के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राजकीय सर्वहितकारिणी उच्च माध्यमिक पुत्री पाठशाला के प्राचार्य अमर सिंह कस्वां, प्रधान दीपचंद राहड़, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, नगरश्री सचिव श्याम सुंदर शर्मा, मदनलाल लाटा, ओमप्रकाश रणवा, चंदगी दूत, राकेश बेनीवाल, परमेश्वर महर्षि, खेमचंद स्वामी, शीशराम कालेर, प्रताप कस्वां, विकास मील, आरीफ खां, जमील चौहान, सुनील भाऊवाला, सहीराम पूनिया, राकेश कुंभाराम आर्य किसान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष चेतराम सहारण, मोहन लाल अर्जुन, शिशपाल बुडानिया, आदि ने स्वामी गोपालदास द्वारा प्लेग महामारी में शहर को बचाने और दूसरे कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम संयोजक दलीप सरावग ने आभार व्यक्त किया। सरावग ने सभी प्रबुद्धजनों, जन प्रतिनिधियों और आयोजन में सहयोग देने वाले व्यक्तियों, कबीर पाठशाला, पुत्री पाठशाला के स्टाफ का आभार प्रकट किया। संचालन रवि दाधीच ने किया। इस अवसर पर सम्मान प्राप्त करने वाले मोहर सिंह राठौड़ के परिजनों ने नरेंद्र सिंह राठौड़, देवी सिंह राठौड़, पृथ्वी सिंह राठौड़, विक्रम सिंह शेखावत, महिपाल सिंह राठौड़, पुण्य प्रताप सिंह राठौड़ को स्वामी गोपालदास संस्थान के सौजन्य से 21 हजार रुपए नकद, शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। परिजनों ने इस अवसर पर पुरस्कार राशि व पृथ्वी सिंह राठौड़ ने पांच हजार रुपए संस्था की गतिविधियों के लिए प्रदान किए। इस मौके पर अशोक हुड्डा, शिक्षक नेता फूले सिंह बुरड़क, रीछपाल सिंह, जसवीर गोदारा, डालुराम सरावगी, बजरंग सिंह, सुचित्रा कस्वां, अंजू नेहरा, अशोक हुड्डा, राकेश कस्वां, महादेव महिया, मोहन हुड्डा, आरिफ पीथीसर, प्रमेंद्र सिहाग, शंभूदयाल शर्मा, डालूराम सरावग, वाहिद खान, अरविंद चोटिया, बेगराज कस्वां, जसवीर गोदारा, किशोर धांधू, रामनिवास भांबू, सुखदेव कस्वां, शंकर लाल जांगिड़, गिरधारी तंवर, हुणताराम ईसराण, योगेश गौड़, शेरसिंह पूनिया सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधियो सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

# विदेश में बैठे व्यक्ति की जमीन बेचने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में अजरूदीन पुत्र हुसैन खां कायमखानी निवासी लाडनू ने बताया है कि हबीब खां मेरा सगा भाई है। मेरे भाई हबीब खां और नवाब खां निवासी शहरिया बास लाडनू की संयुक्त रूप से 1994 में इकरारनामा के जरिए खरीद की गई खसरा नंबर 1635 की कुल 2 बीघा 16 बीश्वा जमीन सुजानगढ़ की रोही में स्थित है। जिसमें हबीब व नवाब दोनों बराबर के आधे-आधे हिस्सेदार हैं। नवाब खां की ओर से अपने हिस्से की भूमि की सार संभाल करने व बेचने के लिए अपने भाई साबिर खां को मुख्त्यार आम नियुक्त किया गया था। लेकिन साबिर खां ने अपने भाई नवाब की भूमि के साथ-साथ मेरे भाई हबीब के हिस्से की जमीन भी किसी अन्य को विक्रय कर दी, जबकि हबीब विदेश गया हुआ है। मैं अपने साथ दो तीन अन्य लोगों को लेकर जून 2025 में मौके पर गया, तो वहां पर मकान व नोहरा मिला। पूछताछ करने पर लोगों ने वहां पर बैठे लोगों ने बताया कि उसने यह जमीन साबिर खां से खरीदी है। जिस पर साबिर खां ने बात करने पर उसने दस्तावेज दिखाने से इंकार कर दिया तथा बैठ कर बात करने का कहा। इसके बाद कई बार उसके घर जाने पर वह टालमटोल करता रहा। जिस पर मैने उसे पुलिस में शिकायत करने के लिए कहा तो उसने कहा कि पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। रिपोर्ट में अजरूदीन खां ने बताया कि 14 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6 बजे मैं सुजानगढ़ में गणेश मंदिर के पास आया तो साबिर खां से मुलाकात हुई। इस दौरान वह गालियां निकालने लगा तथा मेरे साथ मारपीट की और इस संबंध में बात करने पर अंजाम अच्छा नहीं होने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बाल अधिकारों का हो संरक्षण, मजबूत रहे विभागीय समन्वयः सुराणा

## जिला कलक्टर ने बाल संरक्षण गतिविधियों पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर व जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक में बाल संरक्षण गतिविधियों की समीक्षा की और बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि बाल अधिकारों का संरक्षण हो और मजबूत विभाग के समन्वय से बाल संरक्षण गतिविधियां आयोजित ?की जाएं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह व बाल श्रम रोकथाम हेतु जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाया जाए। इसी के साथ संयुक्त टीम बनाते हुए 'एक युद्ध – नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत की दवा दुकानों पर अनुसूची एच व एक्स दवाईयों की बिक्री करने वाली दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा होने की पुष्टि की जाए। पुलिस के सहयोग से नशे के उपयोग, बिक्री आदि गतिविधियों पर समुचित कार्यवाही की जाए। उन्होंने राजकीय गृहों में आवासित बच्चों के लिए व्यवस्थाओं पर चर्चा, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के कार्यों, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा, राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में चाइल्ड राइट क्लब के गठन, किशोर न्याय बोर्ड में दर्ज प्रकरणों व जेजेबी के कार्यों, बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश प्रकरणों व सीडब्ल्यूसी के कार्यों, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज प्रकरणों, बाल श्रम व बाल श्रमिकों के पुनर्वास, बाल तस्करी व बाल विवाह रोकथाम, बच्चों के पोषण व स्वास्थ्य, 'एक युद्ध– नशे के विरूद्ध' अभियान आदि की चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। बाल संरक्षण इकाई सहायक निदेशक सत्येंद्रपाल वीर ने बैठक कार्यवाही का संचालन करते हुए विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान सीडीईओ संतोष महर्षि, एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह, श्रम कल्याण अधिकारी प्रशांत झाझड़िया, एडीईओ कमल शर्मा, कमला देवी, ताराचंद सैनी, राजेश कुमार, एएचटीयू से एसआई इंद्रा, कीर्ति राठौड़, पन्ने सिंह, रिजवान खान, सुमन चोपड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

# एसआईआर अभियान की समीक्षा को लेकर कॉल ऑब्जर्वर डॉ. समित शर्मा ने किया नवलगढ़ का दौरा

## मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यों की समीक्षा की

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एसआईआर कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में रोल ऑब्जर्वर व झुंझुनूं जिले के प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा ने शुक्रवार को नवलगढ़ का दौरा कर नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर कार्यों की समीक्षा की। डॉ. शर्मा ने नवलगढ़ उपखंड कार्यालय में अधिकारियों से एसआईआर के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन व सत्यापन की प्रक्रिया को फील्ड स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। सभी बूथों पर बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। प्रभारी सचिव ने कहा कि निर्वाचन आयोग की स्पष्ट मंशा है कि मतदाता सूची में कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल न हो और कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं मजबूत बनाया जा सके। दौरे के दौरान डॉ. शर्मा ने नवलगढ़ एसडीएम कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। उन्होंने एसआईआर कार्य को लेकर दलों से फीडबैक लिया और उनकी ओर से प्रस्तुत दावे व आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजनीतिक दलों की ओर से उठाई गई आपत्तियों का समयबद्ध व नियमानुसार निस्तारण किया जाए। डॉ. शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची संशोधन कार्य में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोपरि होनी चाहिए। फील्ड स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान नवलगढ़ एसडीएम कुलदीप, झुंझुनूं एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रीराम के वन गमन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** फतेहपुर मार्ग स्थित गोयनका धर्मशाला में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन शुक्रवार को कथावाचक अयोध्या के संत धर्मदास महाराज ने राम के वन गमन का प्रसंग विस्तार से सुनाया। साथ ही इससे जुड़ी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला तथा राम वनवास केवट ने गंगा पार करवाने आदि की विस्तार पूर्वक विवेचना की। महाराज ने कहा कि प्रभु राम को अयोध्या की जनता बेहद प्यार करती थी और वे चाहते थे कि राम अयोध्या के राजा बनें। राज्याभिषेक की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन कैकेयी की दासी मंथरा ने कैकेयी के मन में भरत को राजा बनाने का विचार डाला और श्रीराम को चौदह वर्षों के लिए वनवास पर भेजने की मांग की। मंथरा के षड्यंत्र के कारण कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वचन लिए, जिसके कारण राम, लक्ष्मण और सीता ने घर छोड़कर वन जाने का निर्णय लिया। महाराज ने कथा के दौरान यह भी संदेश दिया कि आजकल सास-बहू का रिश्ता बहुत नाजुक हो गया है और बात-बात पर झगड़े हो जाते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राम ने अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वन जाने का संकल्प लिया, जो परिवार के आपसी संबंधों की महत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अगर सास अपनी बहू को बेटी की तरह समझे और बहू अपनी सास को मां की तरह समझे तो यही रिश्ते सुखी और आनंदपूर्ण हो सकते हैं। राम के वन गमन के प्रसंग को सुनते हुए श्रद्धालु भावविभोर हो गए। महाराज ने अपने प्रवचनों के माध्यम से जीवन में मर्यादाओं और परिवारिक रिश्तों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि जैसे राम ने अपने कर्तव्यों का पालन किया, वैसे ही हमें भी अपने परिवार के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने चाहिए। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को कथा के दौरान मुख्य यजमान बनवारी लाल भादुपोता ने आरती की। कार्यक्रम में बछराज सैनी, पवन चेजारा, जेपी गोयनका, केसरदेव टेलर, गोपाल सिंह चौहान, राजकुमार, श्री राम मिश्रा, बाबूलाल कुमावत, योगेश, प्रदीप, बुल्ला, बालमोहन जांगिड़ सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# दादी नानीबाई शोभायात्रा का शहरवासियों ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** शहर के मुख्य बाजार में नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने दादी नानी बाई बरसी महोत्सव पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सिंधी समाज की ओर से शहर के मुख्य मार्गो से समाज के अध्यक्ष नितिन राघवानी की अध्यक्षता में शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर कायमखानी समाज के जिलाध्यक्ष मुंशी खां, मुकेश महनसरिया, विजय जालान, सेवादल के ओमप्रकाश वाकोलिया, अयुब खां मलवान, कालूराम महर्षि, योगेश ढाका, अजय दाधीच, नंदकिशोर स्वामी, ललित, शाहरुख लूहार, विनोद बजाज, शरद बजाज सहित शहरवासियों ने शोभायात्रा पर वर्षा कर स्वागत किया।

## राजलदेसर में पौषबड़ा महोत्सव

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में एसबीआई बैंक के पास मोहल्लेवासियों ने मलमास में पौष बडा का आयोजन किया। सुबह से शाम से राहगीरों को बडा गुलगुला वितरित किया गया। कार्यक्रम में देवेन्द्र कुमार शर्मा, जगमोहन शर्मा, जयचन्द महावर,पवन बोथरा, पवन नाई, शंकरलाल खण्डोलिया, जयप्रकाश शर्मा, कमल दाधिच, कपिल डिडवानिया, एडवोकेट ललित किशोर शर्मा, एडवोकेट विकास शर्मा, योगेन्द्र शर्मा,धीरजमहावर, सहित लोगों ने सहयोग किया।

**Office of the District Literacy and Continuing Education Officer, Churu**

File No. DLCEO/Churu/Literacy/2025-26/279 Date 08.01.2026

**Notice Inviting Bid (02/2024-25)**

Bid for TLM kit is invited from interested bidders upto 12.00 PM on 13.01.2026. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state and notice board of this office. The Approximate maximum value of the procurement is Rs. 14.32 lac.

UBN NO-LIT2526GLOB00040

DIPR/C/323/2026 **DLCEO, CHURU**

## राजाखेड़ा अभिभाषक संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** एमजेएम कोर्ट न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ बार का शपथ ग्रहण समारोह न्यायाधीश मजिस्ट्रेट आकाश शर्मा के मुख्य अतिथि में हुआ। समारोह के विशेष स्थिति राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा व तहसीलदार दीप्ति देव रही। वरिष्ठ अधिवक्ता कुंदन सिंह ने स्वागत गान गया जबकि अधिवक्ता पंकज जैन, उपेंद्र मुद्गल ने कविता पाठ किया। साथ ही अधिवक्ता प्रमोद शर्मा ने इंग्लिश में बार को संबोधित किया। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश आकाश शर्मा का साफा व माला पहनाकर, विशिष्ट अतिथि एसडीएम सुशील मीणा, तहसीलदार दीप्ति देव का शॉल व पुष्प गुच्छ भेटकर सम्मान किया गया। अधिवक्ताओं ने पूर्व अध्यक्षों का माला पहनकर सम्मान किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट आकाश शर्मा राजाखेड़ा ने अध्यक्ष रामचित्र शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश जै मुद्गल व अन्य कार्यकारिणी को नियुक्ति पत्र देकर शपथ दिलाई। उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा, तहसीलदार राजाखेड़ा, न्यायिक मजिस्ट्रेट आकाश शर्मा ने बार को संबोधित किया। शपथ ग्रहण के बाद सभी को दाल बाटी चूरमा का भोजन कराया गया। इस मौके पर अध्यक्ष व कार्यकारिणी के अलावा वरिष्ठ व जूनियर सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने ग्रामीणों के सुने अभाव अभियोग

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने अपने दो दिवसीय पाली जिले के प्रवास कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अनेक कार्यक्रमों में भाग लिया। केबिनेट मंत्री के आने की सूचना के साथ दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अपने अभाव अभियोग लेकर मंत्री के निवास स्थान पहुंचे। आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जगहों से आए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके शुभचिंतकों की ओर से नए साल की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी। इस दौरान मंत्री ने भी उन सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि इस नए वर्ष में आप सभी परिवारों में सुख समृद्धि का शुभागमन हो। कार्यकर्ताओं ने मंत्री कुमावत को दुप्पटा ओढाकर व फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। वहीं, इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपने निजी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को मंत्री के सामने रखा। जिस पर मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन पर सूचित कर समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करें ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। निज आवास पर मंत्री ने श्री कृष्ण भक्त गुरुदेव दाताश्री महेंद्रानंद गिरी जी महाराज गादीपति श्री कृष्ण धाम गुडा मांगलियान का शॉल ओढाकर व फूलमाला पहनाकर सम्मान किया।

### देवस्थान मंत्री ने किए मामाधणी के दर्शनः

प्रवास के दौरान पोमावा स्थित जोडेवाला मामाजी मंदिर पहुंचकर श्री मामाधणी किरवा वीर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान पोमावा पहुंचने पर मंत्री का मंदिर प्रबंधन व स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर श्री कृष्ण भक्त गुरुदेव दाताश्री महेंद्रानंद गिरी जी महाराज गादीपति श्री कृष्ण धाम गुडा मांगलियान, किसान नेता जेनेंद्र सिंह, बांकली के पूर्व सरपंच निरंजन सिंह ठाकुर, प्रधान प्रतिनिधि बिशन सिंह ठाकुर, अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा के जिलाध्यक्ष सुमेर सिंह पोमावा, पूर्व उप प्रधान गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसआईआर के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने पोमावा के पश्चात विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करने के उपरांत दुजाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को एसआईआर (सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना) प्रक्रिया के महत्व और सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी दी। कुमावत ने बताया कि एसआईआर में सही जानकारी दर्ज होने से पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सकेगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपने आवश्यक दस्तावेज समय पर तैयार रखने और बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के कार्य में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सरपंच नागेश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## आगरा पुलिस ने दबोचे फरार दो आरोपी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** 2 फरार आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश के आगरा जिले की पुलिस ने कार्रवाई की है। खेरागढ़ पुलिस और धौलपुर पुलिस ने मिलकर आगरा न्यायालय से प्राप्त धारा 82 सीआरपीसी के आदेश का पालन किया। यह कार्रवाई फरार आरोपियों के घरों की कुर्की कराने की दिशा में पहला कदम है। यह मामला खेरागढ़ थाना, आगरा (उत्तर प्रदेश) से संबंधित है, जिसमें आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 149, 307, 332, 333, 336, 353, 504, 506, 34 भारतीय दंड संहिता के तहत आरोप हैं। फरार आरोपियों की पहचान साहब सिंह पुत्र मुंशी, निवासी टुंडे का पुरा मोरोली, थाना कोतवाली धौलपुर, जिला धौलपुर (राजस्थान) और राहुल पुत्र सियाराम, निवासी देवका पुरा, मोरोली, थाना कोतवाली धौलपुर, जिला धौलपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यदि दोनों आरोपी जल्द ही न्यायालय में पेश नहीं होते हैं, तो उनके खिलाफ धारा 83 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कुर्की की अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गौ माता को एक सौ किलो की खिलाई तिल सेली

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** स्थित श्री राम गौशाला कोलीवाडा में भामाशाहों की ओर से कोई न कोई गौ माता के लिए नया कार्य हो रहा है। भामाशाह और गौ भक्त गौ माता की सेवा के लिए तन मन धन से सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसी सेवा कार्य में शुक्रवार को सुमेरपुर निवासी हेमराज सोमपुरा की ओर से गायों के लिए एक क्विंटल तिल सेली बनाकर इसका भोग लगाया गया और ?2100 दान स्वरूप भेट किया। सोमपुरा परिवार हमेशा गौ माता के लिए समर्पित है। सोमपुरा परिवार शुक्रवार को गौशाला पहुंचकर उनके हाथों से गौ माता को सेली खिलाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर पिंटू भाई, राजू भाई,नवीन भाई, यशवंत भाई सोमपुरा के साथ महिलाएं और बच्चिया उपस्थिति रही। इस पुण्य कार्य में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार का सहयोग रहा। इस अवसर पर हेमराज सोमपुरा ने गौमाता का वर्णन कर गाय की सेवा करने को सौ पुण्य के समान लाभ बताया। जिसमें गाय के मूत्र, दूध आदि की उपयोगिता बताया। पुण्य सेवा कार्य करते हुए उन्होंने लोगों से भी आव्हान किया कि गौ माता की सेवा सर्वोपरि है। हम सबको मिलकर इसमें सहभागिता निभानी होगी। इधर गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष धीरज सांखला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, सचिव भंवरलाल परमार, खीमाराम कुमावत, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, मूलचंद नामदेव, तखत सिंह राठौड़ लालचंद चंदेल, सुरेश कुमार सुथार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित आदि सदस्यों ने भामाशाह परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, मोहन दास वैष्णव, नगराम देवासी, वीराराम देवासी, मोनाराम देवासी, चेनाराम देवासी मूलाराम देवासी आदि गौशाला कर्मचारी उपस्थित रहे। संत महात्माओं के अनुसार गाय के संर्वधन, सुरक्षा का जिम्मा मनुष्य का ही है। ऐसे में मनुष्य को अपना धर्म निभाना चाहिए। इस अवसर पर भामाशाह मोहनलाल भाटी सुमेरपुर वालों की तरफ से रविवार,11 जनवरी को लापसी का भोग लगाया जाएगा। भाटी परिवार की ओर से डेढ़ सौ (150) किलो की लापसी श्री राम गौशाला परिसर कोलीवाडा में बनाई जाएगी। मोहनलाल भाटी परिवार की ओर से मीठा पकवान बनाकर सभी गौ माता को खिलाया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा माहः वाहन चालकों से समझाइश

## चालक बिना दस्तावेज के वाहन ना चलाएंः गौरव यादव

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन, सड़क सुरक्षा विभाग व यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में शांति वाटिका में वाहन चालकों के साथ समझाइश चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेश की पालना में मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले के विभिन्न कस्बों में समझाइश अभियान चलाया जा रहा है। शांति वाटिका में जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने चालकों से कहा कि वे क्षमता से अधिक सवारियों को बैठक वाहन ना चलाएं। कोहरे के समय स्पीड में बाहर ना चलाएं और वाहन चलाते समय वाहन संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पूर्ण होने पर ही वाहन का संचालन करें। जगह-जगह रास्ते में वाहन को नो पार्किंग में खड़ा ना करें। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि निर्धारित सीमा में ही अपने वाहन का उपयोग करें परमिट उल्लंघन न करें और वाहन को बिना पीयूसी परमिट फिटनेस लाइसेंस के ना चलाएं। रात्रि के समय डिपर का उपयोग करें। वाहन पर निर्धारित रिफ्लेक्टर टेप लगे। ओवर स्पीड में कभी भी वाहन को ना चलाएं। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार, देवेंद्र सिंह, बीना सिंह गुंजन विकेश रामकेश मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## घर में चोरी की घटना का पर्दाफाशः दो शातिर चोर गिरफ्तार, 2.70 लाख नकद बरामद



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर पुलिस ने घर में चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 लाख 70 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा तथा वृत्ताधिकारी शहर कृष्णराज जांगिड के सुपरविजन में की गई। थानाधिकारी अमित शर्मा के नेतृत्व में थाना निहालगंज पुलिस ने 26 दिसंबर 2025 को दर्ज चोरी के मामले में त्वरित जांच करते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई। इस संबंध में मानसरोवर कॉलोनी निवासी श्वेता तिवारी पत्नी राकेश तिवारी (35) ने थाना निहालगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चोर उनके घर से नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए विशेष टीम गठित की। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सीडीआर और टावर लोकेशन के आधार पर संदिग्धों की लोकेशन ट्रेस की। बार-बार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे आरोपियों को आखिरकार आगरा से गिरफ्तार करने में सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपियों में साहिल पुत्र रसूल खान (19) निवासी विपरपुर थाना मनियां तथा अरमान पुत्र सहजाद (21) निवासी कंचनपुर थाना कंचनपुर शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे दिन में मोटरसाइकिल से कॉलोनियों में घूमकर बंद घरों की रेकी करते थे। चोरी से पहले दो-तीन बार और फिर रात में वारदात से कुछ घंटे पहले दोबारा रेकी की जाती थी। घर बंद मिलने पर पाइप रिंच और सरिए से ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया जाता था। वारदात में तीन लोग शामिल रहते थे और चोरी का माल आपस में बराबर बांट लिया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम में से उनके हिस्से के 2 लाख 70 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं। मामले में एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी अभी शेष है, जिसकी तलाश जारी है। इस सफल खुलासे में हेड कांस्टेबल गिरधारी एवं कांस्टेबल सौरभ की विशेष भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपी की गिरफ्तारी के बाद चोरी के अन्य मामलों से जुड़े खुलासे भी होने की संभावना है।

## निजी वाहन का व्यवसायिक उपयोग किया तो होगी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से मनाई जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बाड़ी में समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से पूरे जिले में 31 दिवसीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बाड़ी में वाहन चालकों के साथ समझाइश की गई। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि बाड़ी स्थित निजी टैक्सी स्टैंड पर चालकों के साथ समझाइश चलाया गया। टैक्सी चालकों को हिदायत दी गई कि वे निजी वाहनों को टैक्सी में ना चलाएं और बिना टैक्सी परमिट के वाहन का उपयोग यदि करते हुए पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी वाहन का व्यवसायिक उपयोग वर्जित है। विभाग की ओर से जांच के दौरान 6 वाहनों को जप्त किया गया। जिनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। परिवहन निरीक्षक ने बताया कि बिना टैक्सी परमिट वाहन का व्यवसायिक उपयोग करना अपराध है। ऐसे में वाहन को सीज भी किया जा सकता है। चालकों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई।

## पानी में डूबा 'भविष्य': नुनहेरा के सरकारी स्कूल का रास्ता बना खतरे की 'राह'

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/सैंपऊ।** नुनहेरा गांव में प्रशासनिक उदासीनता और पंचायत की अनदेखी का खामियाजा पिछले कई वर्षों से मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। सैंपऊ उपखण्ड क्षेत्र के इस गांव में राजकीय विद्यालय तक पहुंचने वाला मुख्य रास्ता लगातार जलभराव की चपेट में है, जिससे स्कूल जाना बच्चों के लिए किसी जोखिम भरे सफर से कम नहीं रह गया है। स्थानीय ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर अनेक बार उपखंड अधिकारी कार्यालय और संबंधित विभागों को अवगत कराया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपनी पीड़ा अधिकारियों तक पहुंचाई, वहीं पत्रकारिता के माध्यम से भी कई बार इस समस्या को उजागर किया गया, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार सरपंच द्वारा जल निकासी के लिए पाइपलाइन तो डलवाई गई, लेकिन उससे आज तक पानी का निकास नहीं हो पाया। परिणामस्वरूप स्कूल के रास्ते और परिसर के आसपास गंदा पानी भरा रहता है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि जलभराव इतना गहरा है कि यदि कोई फिसलकर गिर जाए तो जान जाने का भी खतरा बना रहता है। पानी जमा रहने से स्कूल के आसपास मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बच्चों के बीमार होने की आशंका बनी रहती है। गंदगी और दुर्गंध के कारण वातावरण भी दूषित हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार आवारा पशु इस जलभराव में गिरकर मर चुके हैं और शव पानी में ही सड़ते रहते हैं, जिसकी बदबू विद्यालय तक फैल जाती है। ऐसे हालात में पढ़ाई का माहौल बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों और अभिभावकों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन और पंचायत से मांग की है कि स्कूल मार्ग से तुरंत जलभराव हटाकर पक्का व सुरक्षित रास्ता बनाया जाए, ताकि बच्चों का भविष्य और जीवन दोनों सुरक्षित रह सकें।

# शेरपुर में एसएमसी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय स्कूल शेरपुर धौलपुर में एसएमसी (स्कूल मैनेजमेंट कमेटी) सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन एसएमसी अध्यक्ष खरगजीत की अध्यक्षता में हुआ। इसमें छह सदस्यों और एक जन प्रतिनिधि ने भाग लिया। प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षक व उप प्राचार्य भगवान सिंह मीना ने दिया। उन्होंने एसएमसी के गठन, महत्व और कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। मीना ने स्कूल में नामांकन बढ़ाने, छात्रों के ठहराव सुनिश्चित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने जैसे विषयों पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रशिक्षण कार्यशालाएं, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित की जाती हैं, जिसमें सदस्यों को विद्यालय प्रबंधन, वित्तीय पारदर्शिता, मिड-डे मील, बालिकाओं की शिक्षा और ऑनलाइन शिक्षा जैसे विषयों पर जागरूक किया जाता है, ताकि वे स्कूल के बेहतर संचालन और निगरानी में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण कार्यशालाओं में स्कूल प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर सदस्यों को सशक्त बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य के अंतर्गत सामुदायिक भागीदारीः शिक्षा में समुदाय का स्वामित्व और भागीदारी सुनिश्चित करना। प्रबंधन में पारदर्शिताः स्कूल के प्रबंधन और संसाधनों के उपयोग में पारदर्शिता लाना।

शैक्षणिक गुणवत्ताः नियमित शिक्षण, ऑनलाइन शिक्षा और विद्यार्थियों के अध्ययन पर ध्यान देना।

भौतिक विकासः जल, बिजली, शौचालय, मिड-डे मील जैसी सुविधाओं की निगरानी करना।

बाल संरक्षणः बालिकाओं की शिक्षा और बाल अधिकारों पर जोर देना। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल विषय विद्यालय विकास व प्रबंधन समिति के गठन और कार्यप्रणाली, आरटीई अधिनियम, 2009 के तहत भूमिका,वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शिता पोषण और स्वास्थ्य (मिड-डे मील, बाल गोपाल योजना), डिजिटल शिक्षा और मोबाइल का सदुपयोग,पीटीएम बैठकों में भागीदारी और अभिभावकों को जोड़ना आदि के बारे में जानकारी दी।शेरपुर पीएमश्री महात्मा गांधी विद्यालय जिले में विकास का मॉडल के रूप में जाना जाता है। स्कूल के संस्था प्रधान हरिशंकर शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यालय विकास योजना के क्रियान्वयन पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे स्कूल शिक्षकों की टीम भी भामाशाहों के साथ स्वयं भामाशाह बनकर स्कूल के भौतिक व शैक्षणिक विकास के लिए तत्परता से कार्य करती रहेगी। उन्होंने विद्यालय विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर सभी मौजूद सदस्यों की ओर से विद्यालय विकास व सरकार की ओर से प्राप्त अनुदान के खर्च करने पर विस्तृत विचार साझा किए। शिविर के दौरान समापन दिवस में मास्टर ट्रेनर भगवान सिंह मीना एवं समाजसेवी अतर सिंह बघेल ने भी प्रतिभागियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी सहित सड़क सुरक्षा व संविधान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। बैठक में समाजसेवी व भामाशाह अतर सिंह बघेल के विद्यालय विकास में योगदान की सराहना करते हुए सम्मान किया। संस्था प्रधान हरिशंकर शर्मा ने शिविर में उपस्थित सभी आगंतुकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति सचिव हरिशंकर शर्मा ,सदस्य संगीता, भूरी, देवी, मिथलेश और विद्यार्थी सदस्य कृष्ण बघेल एवं एसएमसी अध्यक्ष खरगजीत सहित शिक्षकों में शौरभ, राजेश, सुरेश, मोहन, गजेन्द्र, रागिनी, नीलम, वंदना सहित अन्य मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
10 जनवरी, 2026

# गणतंत्र दिवस की तैयारियां को लेकर बैठक में चर्चा



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** तहसील स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह मनाने को लेकर आज तहसीलदार हरदिप सिंह ने तहसील स्तर पर बैठक आयोजित की। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह मनाने के लिए सभी पार्षद और कस्बे के लोगों के साथ विचार-विमर्श किया। समारोह का आयोजन युवा भारती स्टेडियम में मनाने और तैयारीयां को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं की सम्बंधित को जिम्मेदारी दी। बैठक में अधिशाषी अधिकारी कुन्दन दैथा, सुरेन्द्र कुमार ने विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से वार्ता की। बैठक चन्द्र प्रकाश घिटाला उपाध्यक्ष नगरपालिका, पार्षद कपिल पारीक, पार्षद धनपत शर्मा , भाजपा मण्डल अध्यक्ष विष्णु भगवान प्रजापत, खेमराज पारीक महामंत्री भाजपा, लाभचंद सोनी व्यवस्थापक युवा भारती स्टेडियम, पवन बोथरा पुर्व मण्डल अध्यक्ष, रोहित मारू एडवोकेट सहित कई मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में पूर्व विधायक महर्षि ने सुने अभाव अभियोग



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए आमजन की अभाव अभियोग सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान महर्षि ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान ही मेरी प्राथमिकता है। निरन्तरता के साथ समाधान का विकल्प खोजने से ही समस्या का समाधान होता है महर्षि ने कहा कि शहर मण्डल के पदाधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर मौके पर समस्या समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे है और जटिल समस्यों के समाधान भी त्वरित गति से हो रहे है। जनसुनवाई में महर्षि ने बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा जैसे विभिन्न विभागों की समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# ग्रीन स्पेस पार्क का समुचित रख रखाव करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नाथो तालाब स्थित नगर परिषद ग्रीन स्पेस पार्क दुर्दशा का शिकार है। रखरखाव ठीक से नहीं होने के कारण यहां पर आने वाले लोगों को निराशा हाथ लगती है। बच्चों के लिए लगे झूले टूटे पड़े है और पेड़ पौधों की ठीक से देखभाल नहीं हो पा रही है, साथ ही जंगली घास भी नहीं कटवायी जा रही है। पार्क में रोशनी हेतु लगी कुछ लाइट भी ख़राब है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने ग्रीन स्पेस पार्क के रखरखाव और सुरक्षा के लिए स्टाफ बढ़ाने तथा झूले, बेंच, लाइट ठीक करवा कर जंगली घास कटवाने और नियमित साफ सफाई करवाने की मांग डीएलबी डायरेक्टर से की है। जिससे पार्क में आने वाले लोगों के लिए परेशानी ना हो और पार्क सुविधाजनक हो सके।

# बालिकाओं को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू तथा अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ महेंद्र प्रताप भाटी के निर्देशानुसार 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के उपलक्ष में नालसा योजना के अंतर्गत गांधी बालिका स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि सभी छात्राओं को नशा ना करने, बाल विवाह से अपने समाज और देश को प्रदूषित नहीं होने की शपथ दिलाई। यदि ऐसा दृश्य हमें देखने को मिलेगा तब हम तुरंत 1933 राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर से संपर्क करेंगे। नशीले पदार्थ का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्या ललिता भोजक ने कहा कि नशा हमारे मस्तिष्क को संकुचित करता जाता है और संवेदना को मार देता है, जिससे कल्पनाशक्ति खत्म भी हो सकती है। कार्यक्रम में दिशा सामरिया, एकता, संतोष गोठडिया, ममता, रचना प्रजापत आदि लोग मौजूद रहे।



# दिन में बिजली देने की मांग, किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

## 4 घंटे की वार्ता के बाद बनी सहमति

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा तहसील में किसानों को दिन में बिजली देने की मांग को लेकर भानीपुरा बिजली अधिकारी को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की है। किसानों ने बताया कि अत्यधिक ठंड पड़ रही है। जिसके कारण दिन मे बिजली दी जाए, भीषण ठंड में किसान रात में अपनी फसलों की सिंचाई करने पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। गुरुवार रात्रि को एक किसान सर्दी में खेत में अधिक सर्दी के कारण बेसूध हो गया। अधिक सर्दी के कारण किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचने का भी खतरा है। किसानों के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने की आशंका भी बनी रहती है। बार-बार सूचित करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। यदि शनिवार तक कोई समाधान नहीं निकला तो किसान विरोध प्रदर्शन को तेज करने के लिए मजबूर होकर भानीपुरा जीएसएस और मालकसर जीएसएस में विरोध प्रदर्शन करेंगे। घटित होने वाली किसी भी प्रकार की घटना के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। मौके पर आरएलपी नेता महावीर प्रसाद ने बताया हमारे लिए किसान सर्वोपरि है। अगर आंदोलन व धरना देना पड़ा तो किसानों के समर्थन में पूरी पार्टी का समर्थन रहेगा। बिजली विभाग के अधिकारी भानीपुरा व उच्चाधिकारियों से 4 घंटा वार्ता की गई। एक दिन में समस्याओं का निराकरण ओर किसानों को दिन में जितनी सम्भव हो बिजली देने की मांग रखी गई। कांग्रेस सांसद राहुल कस्वां ने भी बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर किसानों की मांगों का समर्थन किया। इस अवसर पर धर्मपाल बेनीवाल, डीपी बेनीवाल, प्रकाश दहिया, डुंगर राम बेनीवाल, सोहनराम नाई, ओमप्रकाश साहरण, महेंद्र दहिया, भंवरलाल बेनीवाल, राकेश पांडिया, ओमप्रकाश बेनीवाल, पूर्णाराम सहारण, रामचंद्र, भालाराम नाई सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# गंदे पानी के भराव की समस्या से वार्डवासियों को मिलेगी राहतः महर्षि

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शुक्रवार को शहर के वार्ड नंबर 03 में गन्दे पानी के भराव की समस्या का मौके पर जाकर नगरपालिका के अधिकारीयों के साथ निरीक्षण किया। इस पर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी डॉ सहदेव चारण व एईएन विकास मीणा ने पानी निकासी के लिए नाला निर्माण करवाने व नई सड़क निर्माण का प्रपोजल बनाकर शीघ्र ही कार्य शुरू करवाने की बात कही। इस दौरान वार्डवासियों ने शिविर कनेक्शन नही होने की बात भी कही। महर्षि ने मौके पर ही एलएंडटी के अधिकारियो को भी मौक पर बुलाकर शीघ्र ही नए शिविर कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए। महर्षि ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि समस्या समाधान के लिए हर समय तत्पर हूँ। किसी भी समस्या के समाधान के लिए सतत प्रयास करने से ही सफलता मिलती है। महर्षि ने कहा कि गन्दे पानी के भराव की समस्या से निजात दिलवाने के लिए सड़क निर्माण व् नाला निर्माण करवाने के साथ ही नये शिविर कनेक्शन भी जोड़ने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को कहा गया है। शीघ्र ही समस्यायों का समाधान सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, अर्जुन सिंह फ्रांसा,जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मण्डल अध्यक्ष महेश सैनी,हिम्मत सिंह, सुशील इन्दौरिया,बाबूलाल प्रजापत, गिरधारी प्रजापत, शिवकरण शर्मा, जगदीश सोनी, सुभाष गुप्ता,विष्णु माटोलिया, सांवरमल पुरोहित, सांवरमल स्वामी,गोपाल चोटिया, जगदीश स्वामी,कृष्ण कुमार शर्मा, भोलाराम पुरोहित, ओमप्रकाश सोनी, राजकुमार सोनी, सन्दीप कंदोई, पवन कंदोई, अमित महर्षि, शिवम् सैनी, उषा शर्मा, पूनम शर्मा, मंजू चोटिया, मीना देवी जोशी, धीरेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश जोशी, राकेश गौड़, बलवीर स्वामी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता व वार्डवासी उपस्थित रहे।

# दो आरोपियों के जमानत आवेदन खारिज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ज्यादती के आरोपी का जमानत आवेदन एडीजे न्यायालय ने खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक एडवोकेट श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि आरोपी पिन्टू उर्फ पवन कुमार निवासी गांव बडाबर सुजानगढ़ का जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। इसी प्रकार नशीली दवाओं के मामले में आरोपी राजीव उर्फ विजय कुमार, निवासी ग्राम टप्पी, जिला सिरसा का भी अन्तरिम जमानत आवेदन एनडीपीएस न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

# नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** श्रीडूंगरगढ़ के आडसर बास निवासी चन्दा देवी मालू का शुक्रवार को 65 वर्ष की आयु में निधन होने पर उनके पति हुलासमल मालू की सहमति पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र प्राणनाथ हॉस्पिटल के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत व दिनेश शर्मा ने कड़ाके की ठण्ड में श्रीडूंगरगढ़ जाकर नेत्र संग्रहण किया। केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि इस केन्द्र का यह 25 वां नेत्रदान है। प्रेरक के रूप में अशोक झाबक, महेन्द्र मालू, अशोक बैद तेरापंथ युवक परिषद श्रीडूंगरगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। चन्दा देवी मालू के नेत्रदान किये जाने पर उनके परिजनों का गांविमं सरदारशहर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, प्राणनाथ हॉस्पिटल के चैयरमैन शान्तिलाल चोरड़िया व राजस्थान राज्य थली प्रभारी लोकेश सेठिया ने आभार व्यक्त किया है।

# एस्पायर लीडर्स पर आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एस्पायर लीडर्स इंडिया फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय में एस्पायर लीडर्स पर एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य विनीता चौधरी ने बताया कि यह एक अंतराष्ट्रीय स्तर का नेतृत्व विकास कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। मुख्य वक्ता डॉ. अजीत योगी ने प्रतिभागियों में नेतृत्व कौशल, निर्णय निर्माण क्षमता, समस्या समाधान, टीम वर्क, नैतिक मूल्यों व सामाजिक सहभागिता जैसे विषयों को आसान उदाहरण देकर समझाया। कार्यक्रम समन्यवयक डॉ. बी.एस. बैरवा ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्नातक व स्नाकोत्तर कक्षाओं के नियमित विद्यार्थी जिनकी आयु 18 से 29 वर्ष की है और आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, वे भाग ले सकते है। कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रतिभागियों को हावार्ड विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना रांकावत ने किया। धन्यवाद प्रमोद कुमार ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. योगेश कुमार कल्ला, अनुप्रिया, डॉ. अनुसईया मेहरा, दिव्या जांगिड़, मिनाक्षी कुमावत, गोमती देवी, प्रियंका कुमारी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं का धरना जारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेताओं और पार्षदों का धरना नगरपरिषद कार्यालय के सामने लगातार पांचवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि प्रेम स्वामी, पन्नालाल सोनी, पार्षद हरिओम खोड, रविंद्र पांडे, रेवंतमल पंवार, नरेंद्र गुर्जर, गणेश मंडावरिया, राकेश प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत, महेश जोशी, प्रदेश सियोता आदि धरने पर मौजूद रहे। धरनार्थियों ने बताया कि जब तक पूरी मांगों का समाधान नहीं किया जाता है, तब तक उनका धरना अनवरत जारी रहेगा।

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स




**बीदासर(निस)।** श्री साँवरलाल सुशीला देवी सुथार राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का अंतिम दिन सेवा, स्वच्छता व आत्मचिंतन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिन प्रातः सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी. पी. सिगड सहित समस्त स्टाफ एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के मुख्य गेट के बाहर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाते हुए स्वच्छ परिसर-स्वस्थ समाज का संदेश दिया। दोपहर सत्र में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी मनोज प्रजापत रहे। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिविर के दौरान आयोजित जागरूकता अभियानों, सेवा कार्यों व विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह की मुख्य वक्ता रितु कुंवर, सहायक आचार्य (राजनीतिक शास्त्र) ने महिला सशक्तीकरण व लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। विशिष्ट वक्ता पवन जांगिड ने स्वयंसेवकों की ओर से किए गए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके अनुशासन, समर्पण व सामाजिक चेतना की प्रशंसा की। वहीं स्वयंसेवक दिव्या कालेर व महेंद्र सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिविर को प्रेरणादायी व जीवन को दिशा देने वाला बताया। प्राचार्य डॉ. सिगड ने कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा भावना के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिकता और राष्ट्र निर्माण की सोच विकसित करता है।

समापन समारोह में सारिका भुरा, नरेन्द्र मील, राहुल पिलानिया, मूलाराम मेघवाल, नौरंग मल, यशवंत मानावत, नेहा शर्मा सहित स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मैपिंग नहीं होने वाले 3349 मतदाताओं की हो रही सुनवाई

## चार जगह नियुक्त एईआरओ कर रहे सुनवाई

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई, उनकी सुनवाई और मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य जारी है। निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा से जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि कुल 3349 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाने पर उन सबको नोटिस दिए गए हैं और उनको समय निर्धारित कर सुनवाई के लिए बुलवाया गया है, ताकि वो अपना पक्ष रख सकें और दस्तावेजात पेश करके अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकें।

## चार एईआरओ कर रहे हैं सुनवाईः

तहसीलदार सुजानगढ़, नायब तहसीलदार सालासर, उपखंड अधिकारी बीदासर, नायब तहसीलदार कातर एईआरओ हैं और मैपिंग से वंचित रहे लोगों के नोटिस की सुनवाई चारों द्वारा लगातार तय समय पर की जा रही है। ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि जिन लोगों के नाम मैप नहीं हो पाए, वो सम्बंधित एईआरओ के पास अपना पक्ष नोटिस में वर्णित समय पर रखकर अपने दस्तावेज पेश कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

## कौनसे दस्तावेज देने होंगेः

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि कुल 11 दस्तावेज, जो चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित किए गए हैं, वो पेश किए जाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाया जा सकता है। साथ ही दस्तावेज उपलब्ध न होने पर शपथ पत्र, जिन पर दो गवाहों के हस्ताक्षर हों, पेश करके भी नाम जुड़वाया जा सकता है। इसी प्रकार पर्याप्त आधार होने पर एईआरओ को अगर उचित लगे, तो नाम जोड़ा जा सकता है। एक बार हाजिर न होने पर वंचित लोगों को दुबारा भी अवसर दिया जाएगा। इन 11 दस्जावेतों में जाति, मूल निवास, कर्मचारी प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, कर्मचारी पेंशन ओर्डर आदि शामिल हैं। नोटिस के बाद परिवार का कोई भी सदस्य नोटिस के जवाब को दस्तावेजों के साथ दाखिल कर सकता है।

## किसको देने होंगे कितने दस्तावेजः

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि 1987 से पहले जन्म होने वाले लोगों को अपने स्वयं का एक ही दस्तावेज पेश करना होगा और, उसके आधार पर ही मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार 1987 से 2004 के बीच में जिन लोगों का जन्म हुआ है और उनकी मेपिंग नहीं होने पर 1 दस्तावेज स्वयं का और 2 दस्तावेज माता-पिता से सम्बंधित देने होंगे। इसी प्रकार 2004 के बाद जिनका जन्म है और मैपिंग नहीं हो पाई है, तो उनको 3 दस्तावेज जमा करवाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना होगा।

# विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दमखम



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के केकेसी पीजी महाविद्यालय में आयोजित खेलकूद सप्ताह केपीएल-13 टूर्नामेंट के तीसरे दिन क्रिकेट और शतरंज प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हुआ। क्रिकेट का फाइनल मैच बीसीए सनराइजर्स और बीसीए फ्रीडम फाइटर के बीच खेला गया। जिसमें बीसीए सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बीसीए फ्रीडम फाइटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 134 रन बनाए। जवाब में बीसीए सनराइजर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 110 रनों सिमट गई। इस तरह बीसीए फ्रीडम फाइटर ने फाइनल मुकाबला 24 रनों से जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में कपिल को मेन ऑफ द मैच चुना गया। शतरंज प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बीसीए के कर्ण तथा कमल के बीच में हुआ। जिसमें कर्ण ने कड़े मुकाबले के साथ कमल को शिकस्त देकर शतरंज का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर केकेसी पीजी महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतु चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।